



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25






वर्ष- 15 अंक - 120 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 12 फरवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### किसान आंदोलन: 16 फरवरी को भारत बंद का एलान, आज केंद्रीय मंत्रियों के साथ अहम बैठक

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब और हरियाणा के 26 किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच की पूरी तैयारी कर ली है। पंजाब में बड़ी संख्या में किसान हरियाणा बॉर्डर पर जमा होना शुरू हो गए हैं। इस बीच भारतीय किसान यूनियन उगराहां गुट के नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने 16 फरवरी को भारत बंद का एलान किया है। उन्होंने सभी किसान संगठनों व कारोबारियों से इसे सफल बनाने की अपील की है। वहीं, हरियाणा सरकार ने पंजाब से लगती सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

15 जिलों में धारा 144 लगा दी गई है। सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इस बीच, आज केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच चंडीगढ़ में अहम बैठक होगी। दूसरे दौर की यह बैठक चंडीगढ़ में शाम पांच बजे सेक्टर-26 के महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में होगी। बैठक में केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अलग-अलग किसान संगठनों के 10 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इससे पहले आठ फरवरी को किसान संगठनों और केंद्रीय मंत्रियों की एक दौर की बैठक हो चुकी है, जिसमें कुछ मांगें मानी गई थीं लेकिन एमएसपी को कानून बनाने समेत कुछ मांगों पर सहमति नहीं बन पाई थी।

#### दिल्ली कूच में हम किसानों के साथ: खरगे

समराला में कांग्रेस की रैली में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वह दिल्ली कूच में किसानों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में मोदी सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। 2024 में हमारी सरकार बनेगी तो तीनों कृषि कानून रद्द होंगे। मोदी सरकार किसानों के आंदोलन को खत्म करना चाहती है लेकिन कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है।

### दर्दनाक हादसा: बस और कार की टक्कर से लगी आग, चार लोग जिंदा जले, मौके पर पहुंची पुलिस

**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा के मांट क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर आज सुबह तड़के माइल स्टोन 117 अचानक से बस और एक कार में आग लग गई। सवारियों ने आनन फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं कार सवार चार लोग जिंदा जल गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग पर काबू पा लिया गया है। मरने वालों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

आज सुबह तड़के थाना महावन क्षेत्र के अंतर्गत माइल स्टोन 117 पर अचानक से एक बस और कार में भीषण आग लग गई। बस की सवारियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। बताया गया है कार सवार अंदर ही फंस गए। कार में चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई।

एसएससी शैलेश कुमार पांडेय के अनुसार आग बुझाने का कार्य अभी जारी है। कार में चार लोगों के शव दिख रहे हैं। पांचवा शव हो सकता है कार के अंदर हो। मगर, अभी इस बात की पुष्टि नहीं की जा रही है।

# शिवम मर्डर केस में आरोपियों के घर चला बुलडोजर, विधायक रिकेश ने किया था ऐलान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र के तहत शारादा पारा में पिछले दिनों 12वीं के छात्र की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस हत्याकांड के बाद भिलाई शहर में बदमाशों व अपराधिक प्रवित्ति के लोगों के खिलाफ काफी आक्रोश दिखा। वहीं स्थानीय विधायक रिकेश सेन ने आरोपियों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। सोमवार को संतोषी पारा में आरोपियों के घर पर निगम प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जा हटाया। इस दौरान आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

बता दें 21 जनवरी रविवार की रात को कैंप 2 शारदा पारा स्थित संजय टेंट हाऊस के पास गाड़ी बैक करने के नाम पर विवाद हुआ था। इस दौरान यहां से गुजर रहे कुछ युवकों के साथ विवाद होने पर टेंट हाउस के संचालक और उसके बेटे शिवम साव (17) से मारपीट की गई। विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने चाकू से शिवम साव पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में काफी आक्रोशित माहौल बन गया और स्थानीय विधायक ने आरोपियों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाने की बात कही थी।



विधायक रिकेश सेन ने हत्या की घटना के बाद वंदन रघुनंदन कार्यक्रम के दौरान अपराधिक प्रवृत्ति वालों को सख्त चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि हत्या जैसा जघन्य कृत्य करने वाले, नशा खोरी व चाकू बाजी करने वाले यह जान लें कि अब कड़ी कार्रवाई होगी। भिलाई निगम से उक्त आरोपियों के अवैध कब्जों को चिह्नित करने का निर्देश दिया था। इसके बाद भिलाई निगम ने भोला प्रधान, इंद्रजीत प्रजापति, लोटन प्रसाद चौहान और मोतिन बी के नाम नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर उनसे उनके निवास से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। दस्तावेज जमा होने के बाद निगम प्रशासन द्वारा फिर से नोटिस दिया गया और बताया कि प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार आबंटित पट्टे की भूमि 19.40 वर्गमीटर एवं 72 वर्गमीटर अतिरिक्त अवैध कब्जा व निर्माण पाया गया है। भिलाई निगम ने अवैध कब्जे को तीन दिन में हटा लेने कहा था। कब्जा नहीं हटाने पर सोमवार को भिलाई निगम की टीम सोमवार कको पहुंची और अवैध निर्माण को डहा दिया।

### विधायक रिकेश ने कहा-अपराधी हो जाए सतर्क



कार्रवाई के बाद विधायक रिकेश सेन ने वीडियो जारी कर अपराधियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा सभा में अपराध व अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। वीड़ियो के माध्यम से रिकेश सेन कहा कि 22 जनवरी को मैने कहा था कि आरोपियों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलेगा और आज कार्रवाई की गई। विधायक रिकेश ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधी यह जान ले कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में अपराध करना तो दूर उसके बारे में सोचना भी नहीं हैं। यह विष्णुदेव साय की सरकार है और यहां अपराध व अपराधियों के लिए कोई जहग नहीं है। किसी भी तरह का अपराध करेंगे तो उनके घर पर बुलडोजर चलेगा।

### लगी धारा 144, भारी पुलिस बल रहा तैनात

कार्रवाई के दौरान किसी क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा 144 लागू किया गया था। कार्रवाई के दौरान विरोध से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैतान रहा। छावनी, वैशाली नगर व जामुल थाने का बल यहां पर तेनात रहा। निगम ने यहां कुल तीन आरोपियों के घर के अवैध निर्माण को तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के परिजन निगम से कार्रवााई न करने की गुहार लगाते रहे। हालांकि निगम प्रशासन द्वारा अवैध कब्जों को लेकर सख्ती बरती गई और कार्रवाई की गई।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा: कोरबा पहुंचे राहुल गांधी, दीवारों पर लिखे नारों को लेकर आपस में भिड़े समर्थक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू हुई। जो अब छत्तीसगढ़ में चल रही है। इसी क्रम में राहुल गांधी की यात्रा कोरबा पहुंच गई है। जानकारी के लिए बता दें कि 11 फरवरी को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ पहुंची। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ में प्रवेश करते ही विवादों का दौर शुरू हो गया है। रेंगालपाली सभा स्थल के आस-पास दीवारों पर लिखे नारों को लेकर समर्थक आपस में भिड़ गए। कई दीवारों पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल का भी नाम मिटाकर पूर्व मंत्री उमेश पटेल का नाम लिख दिया गया। नाम लिखने को लेकर वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। लोकसभा चुनाव के माहौल आपसी गुटबाजी पार्टी पर भारी पड़ सकती है।



13 फरवरी को जिला सरगुजा के रायगढ़ बस स्टैंड चौक (उदयपुर) से पदयात्रा शुरू होगी और रात्रि विश्राम झींगो जिला बलरामपुर में होगी। 14 फरवरी को जिला बलरामपुर के पुराना सर्किट हाउस से पदयात्रा प्रारंभ होगी, जिसका समापन छत्तीसगढ़ की सीमा रामानुजगंज जिला बलरामपुर में होगा।

इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की ओर से झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को राष्ट्रीय ध्वज देंगे। रायगढ़ खरसिया, सक्ती, कोरबा से लेकर अंबिकापुर, रामानुजगंज तक ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां की गयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और वरिष्ठ नेतागण यात्रा की तैयारियो को स्वंय निगरानी कर रहे हैं।

## विश्वास नहीं हो रहा... राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने से खुद हैरान हैं राजा देवेन्द्र प्रताप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** भाजपा ने छत्तीसगढ़ में खाली हो रहे राज्यसभा की एक सीट के लिए राजा देवेंद्र प्रताप सिंह को उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया है। इस निर्णय के बाद राजा देवेंद्र प्रताप ने कहा कि इस फैसले ने उन्हें 'आश्चर्य' में डाल दिया हैं। सिंह ने अपने नामांकन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम करने के अवसर के लिए 'सौभाग्यशाली' हैं।

उन्होंने कहा मेरा नाम एक आश्चर्य के रूप में आया। मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मुझे राज्यसभा के लिए नामांकित किया गया है। मैं मुझे उच्च सदन में भेजने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं। सिंह ने आगे कहा कहा, सौभाग्य है कि मुझे पीएम मोदी के नेतृत्व में काम करने का अवसर मिलेगा। राज्यसभा सदस्य के रूप में मैं रायगढ़ के विकास के लिए प्रयास करूंगा।

गौरतलब हैं कि रविवार को भाजपा ने छत्तीसगढ़ से आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया हैं। छत्तीसगढ़ से मौजूदा राज्यसभा सांसद सरोज पांडे का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त होने वाला है।

### कौन हैं राजा देवेंद्र प्रताप सिंह




राजा देवेंद्र प्रताप सिंह महाराजा चक्रधर सिंह के पोते के रूप में एक प्रतिष्ठित वंश से हैं। वे गोंड़ आदिवासी शाही परिवार से हैं। राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह ने 2005-06 में एससी-एसटी मोर्चा के राज्य सचिव के रूप में कार्य किया। 2008 में विशेष आमंत्रित सदस्य थे और 2011-12 में एससी-एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह भाजपा के एससी-एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के पद पर भी रहे। चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित 15 राज्यों के लिए राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को निर्धारित किया है। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है। भाजपा ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए 14 उम्मीदवारों की घोषणा की।

## बदला मौसम का मिजाज, कई इलाकों में हुई तूफानी बारिश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम ने एक फिर अपनी करवट बदली है। आज भी सुबह कई इलाकों में हवा-तूफान के साथ बारिश होने की खबर है। इससे पहले रविवार को प्रदेश में कई जगहों पर तूफान के बीच ओलावृष्टि हुई साथ ही कुछ जगहों पर बारिश हुई है। राजधानी में सोमवार को सुबह मौसम में बदलव देखा गया। इसके बाद अचानक तेज बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ गई।

### भाटापारा बना जम्मू-कश्मीर



रविवार शाम 5 बजे भाटापारा में जमकर बर्फबारी हुई. जिसके चलते किसानों की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है । ऐसे में लोगों को ये यकीन नहीं हो रहा है कि ये बर्फबारी कश्मीर की नहीं भाटापारा की है। किसानों का कहना है कि उनका खेत नांदघाट से करीब 8 किलोमीटर दूर है। ऐसे में बर्फबारी के कारण उनके खेत में लगी टमाटर की फसल अब पूरी तरह से ख़राब हो चुकी है।

### मौसम विभाग का अनुमान

भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि मध्य और उत्तर भारत के कई राज्यों में 13 फरवरी तक भारी बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि राज्य में कुछ स्थानों पर ओले बरसेंगे साथ ही हल्की बारिश होने का आसार है। रविवार को पलारी, बलौदाबाजार, भाटापारा, कवर्धा, जशपुर और आसपास के इलाकों में ओले बरसे। वहीं गौरेला, पेंड्रा और मरघी इलाके में तेज हवा के साथ बारिश भी हो रही है। राजधानी रायपुर और आसपास के इलाकों में 50 फीसदी बादल छाए रहेंगे। वहीं मौसम विभाग ने तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की है। मौसम केंद्र दी गई जानकारी के मुताबिक, रायपुर में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री, माना में 31.7, बिलासपुर में 29.6, पेंड्रारोड में 23.4, अंबिकापुर में 25, जगदलपुर में 33, दुर्ग में 29.4 और रायपुर में 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### बर्फ की चादर से ढॅका मैनपाट

मैनपाट को छत्तीसगढ़ का शिमला कहा जाता है। रविवार को सरगुजा संभाग में मौसम का बदलाव देखा गया। जिसमें मैनपाट में भरी बारिश के साथ साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। जिससे सड़कें और पहाडियां बर्फ से ढक गई और यहां बर्फ की चादर बिछी हुई है। लोग इस वीडियो को देखकर कर शिमला और कश्मीर का अनुभव करते रहे। ओलावृष्टि थोड़ी ही देर हुई लेकिन रफ़्तार तेज होने के वजह से जमीन पर बर्फ की परत बिछ गई। जिसके कारण तापमान में भी भरी गिरावट देखने को मिली। सरगुजा की हवाओं में ठंडक महसूस की जा रही है। जिसके साथ ही मैनपाट की वादियां बारिश और ओलावृष्टि के बाद और भी खुबसूरत हो गई है।

## ये जनम-जनम के भुखाए लोग

श्रीकंचनपथ




जब परिवार ढीले पड़ते हैं तो सबसे पहले बिगड़ता है लोगों का खान-पान। खाते-पीते परिवारों में एक नए प्रकार का कुपोषण पनपने लगता है। कोई फूलता चला जाता है तो किसी के शरीर में लवण का असंतुलन पैदा हो जाता है। हट्टे-कट्टे लोग चक्कर खाकर गिरने लगते हैं। घर की रसोई मजबूरी में पेट भरने के काम आती है वरना खाना या तो बाहर जाकर खाते हैं या फिर बाहर का खाना खुद चलकर घर आ जाता है। जोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियों का टर्नओवर हजारों करोड़ रुपए हो जाता है। 2023 में जोमैटो ने 2416 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया। इसी तरह की एक और कंपनी स्विगी का मुनाफा 2023 में 40 फीसदी बढ़कर 8264 हो गया। भिलाई को कुछ समय पहले तक लोग रिटायर्ड लोगों का शहर मानते थे। सुबह-सुबह चहलकदमी करने वालों की संख्या इस रफ्तार से बढ़ चली थी कि सेक्टरों से लेकर पटरी पार के मोहल्लों तक में पार्क और पाथ-वे निर्माण प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर आ गए थे। इनके आस-पास जवारा रस से लेकर अंकुरित अनाज और चुकंदर का रस बेचने वालों के खोमचे लगने लगे थे। पर पिछले 10 सालों में शहर के गली-मोहल्लों में एक के बाद एक खाने की दुकानें खुलती चली गईं। कोरोना काल के बाद तो इनकी बाढ़ सी आ गई। दुकानों की बढ़ती संख्या का एक कारण यह भी है कि इधर भोजन चखने और उसे रिजेक्ट करने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। कहा जाता है कि भोजन के स्वाद का आपके मूड से गहरा संबंध होता है। यदि सोहबत अच्छी हो और मूड भी अच्छा हो तो साधारण और औसत भोजन भी अच्छा लगता है। मूड सड़ा हुआ हो तो भोजन में मीन-मेख निकालना और व्यवस्था को लेकर नुक्ता-चीनी करना स्वाभाविक हो जाता है। ऐसे लोग एक के बाद एक रेस्त्रां को रिजेक्ट करते चले जाते हैं। जिस भी समूह में ये घुस जाते हैं उन्हें कंफ्यूज कर देते हैं। ऐसे लोग खाने की नई दुकानों की तरफ दौड़ते हैं। फिर एक नई दुकान खुलती है और पुरानी रिजेक्ट हो जाती है। भोजन और रेस्त्रां रिजेक्ट करने वालों की यह भीड़ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, खाने की प्रत्येक दुकान चलती रहती है। कुछ लोग अपने व्यवहार से धंधा आगे बढ़ाते रहते हैं तो कुछ लोग नई साज-सज्जा के दम पर। कहीं 90 के दशक की तस्वीरें लोगों को खींच ले जाती है तो कहीं हीरो-हीरोइन की आदमकद तस्वीरें लोगों को आकर्षित करती रहती हैं। वैसे इनका भोजन से कनेक्शन कभी समझ में नहीं आया। पर लोग अपने मेहमानों को यह सब दिखाने के लिए भी रेस्त्रां लेकर जाते हैं। रही भोजन के स्वाद की गारंटी की बात, तो खाना रसोइया बनाता है। वह भी इंसान है। उसकी भी तबियत खराब हो सकती है। वह छुट्टी पर भी जा सकता है। क्या पता आप उसी समय वहां खाने गए हों।




## संपादकीय

### अंतरिक्ष की खास सैर

अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक नई क्रांति हुई है, जिसका स्वागत होना चाहिए। एक निजी कंपनी एक्सिओम ने अभियान चलाया था, जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से होकर लौटे हैं। सबसे खास यह कि इस अंतरिक्ष यान में तीन सीटों के लिए भुगतान किया गया था। यह भी खास कि यह भुगतान दुनिया के तीन अमीरों ने नहीं, बल्कि तीन देशों की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियों ने किया था। पहली बार तुर्किए के भी एक अंतरिक्ष यात्री को सफर का मौका मिला और यह तुर्किए के लिए बड़ी कामयाबी है। दरअसल, जिन देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां छोटी हैं, वैसे देश निजी अंतरिक्ष कंपनियों की मदद से अपनी इच्छाओं और अध्ययन को पूरा करना चाहते हैं। चूंकि अंतरिक्ष के सफर को स्वतंत्र रूप से साकार करना एक बेहद महंगा और बेहद कठिन काम है, इसलिए इस विरल सेवा में निजी कंपनियों का उतरना किसी खुशखबरी से कम नहीं है। आश्चर्य नहीं कि एक निजी कंपनी के दम पर तुर्किए, स्वीडन, इटली में जश्न का माहौल है, क्योंकि इन देशों के नागरिक अंतरिक्ष की सैर कर आए हैं। अंतरिक्ष यात्रियों की एक अखिल यूरोपीय चौकड़ी शुक्रवार की सुबह फ्लोरिडा तट पर अंतरिक्ष से नीचे उतरी और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस का तीसरा निजी मिशन पूरा हो गया। अभियान का नेतृत्व करने वाले एक्सिओम के मुख्य अंतरिक्ष यात्री माइकल लोपेज-एलेग्रिया, एक स्पेनिश-अमेरिकी नागरिक हैं और 65 की उम्र में भी एक सक्रिय अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्हें नासा के साथ काम करने का भी लंबा अनुभव है। एलेग्रिया के नेतृत्व में यह अभियान अंतरिक्ष भ्रमण का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इस अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक प्रयोग किए गए हैं, जिनमें सभी अंतरिक्ष यात्रियों ने भाग लिया है। एक्सिओम के अनुसार, अंतरिक्ष यात्रियों ने परस्पर सहयोग से 30 से ज्यादा प्रकार के शोध-अध्ययन को अंजाम दिया है। सभी यात्रियों ने पेशेवर अंतरिक्ष यात्रियों जैसा प्रदर्शन किया है। ध्यान रहे, अभियान शुरू में दो सप्ताह तक चलने वाला था, पर खराब मौसम की वजह से वापसी यात्रा में कई दिनों की देरी हुई। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में यात्रियों को अतिरिक्त 18 दिन रुकना पड़ा। लोपेज-एलेग्रिया के साथ तुर्किए के पायलट और वायु सेना के कर्नल अल्पर गेजेरवसी, इतालवी वायु सेना के कर्नल वाल्टर विलादेई और स्वीडन के मार्कस वांड्ट ने सदा के लिए एक इतिहास रच दिया है। अंतरिक्ष विज्ञान में निजी क्षेत्र के लिए यह बहुत उत्साह बढ़ाने वाली बात है। एक्सिओम स्पेस की स्थापना 2016 में नासा के पूर्व वैज्ञानिक माइकल सुफ्रेडिनी और उद्यमी गफरियन ने की थी। यह कंपनी न केवल अंतरिक्ष यात्रा को संभव बना रही है, बल्कि यह स्पेससूट व स्पेस स्टेशन के विकास में भी लगी है और दुनिया की सबसे कुशल अंतरिक्ष एजेंसी नासा की भी मदद कर रही है। यह उन तमाम स्टार्टअप के लिए प्रेरणादायी है, जो अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। यह भविष्य में एक बहुत बड़ा व्यवसाय हो सकता है। भारत में 18 से ज्यादा स्टार्टअप ऐसे हैं, जो अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में सक्रिय हैं। क्या वे किसी अंतरिक्ष अभियान को स्वतंत्र रूप से पूरा कर सकते हैं? कमाई का यह बड़ा क्षेत्र है, एक्सिओम ने एक सीट के लिए लगभग 5.50 करोड़ डॉलर की वसूली की थी, जबकि सूचना है कि हंगरी ने अगले अभियान के लिए एक सीट 10 करोड़ डॉलर में खरीदी है।

> “ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में यात्रियों को अतिरिक्त 18 दिन रुकना पड़ा। लोपेज-एलेग्रिया के साथ तुर्किए के पायलट और वायु सेना के कर्नल अल्पर गेजेरवसी, इतालवी वायु सेना के कर्नल वाल्टर विलादेई और स्वीडन के मार्कस वांड्ट ने सदा के लिए एक इतिहास रच दिया है।

### लोकतंत्र की ललक

गुरबत और आर्थिक संकटों से जूझते पाकिस्तानी अवाम ने जो जनादेश हालिया आम चुनाव में दिया, वह पाक सेना के मंसूबों पर पानी फेरता नजर आया है। बहुत संभव है पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों द्वारा रची गई व्यूह रचना जेल के भीतर से जनादेश को प्रभावित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों को सत्ता से दूर रख दे, लेकिन पूरी दुनिया ने पाकिस्तानियों की स्वस्थ लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता को तो देख ही लिया है। यहां सवाल यह है कि क्या इमरान अब जल्दी जेल से बाहर आ पाएंगे? कुछ मुकदमें वापस हुए हैं। राजनीतिक अनिश्चितता, सेना द्वारा पैदा अवरोधों, इंटरनेट व सोशल मीडिया पर पाबंदी, कानूनी दांव-पेचों के बावजूद इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों का सबसे आगे रहना, पाकिस्तानी सेना के लिये करारा सबक तो है। बहुत संभव है कि सेना द्वारा पर्दे के पीछे रचे प्रपंच से सत्ता पर काबिज होने की कोशिश में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज यानी पीएमएल और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सफल हो जाएं, लेकिन पाकिस्तान के लोकतंत्र के इतिहास में यह बात दर्ज हो गई है कि पाक की जनता जेल के सीखचों में कैद लोकतंत्र के जायज प्रतिनिधि को जिताने का दमखम रखती है। अब पाकिस्तान में सत्ता के तमाम समीकरण तलाशे जा रहे हैं। कोशिश हो रही है कि छोटे दलों के सहयोग से 265 सीटों वाली नेशनल असेंबली में किसी तरह बहुमत का आंकड़ा 133 हासिल कर लिया जाए। बहुत संभव है सेनाश्रय में नवाज शरीफ फिर सत्ता की बागडोर हासिल कर लें और पीपीपी किंग मेकर की भूमिका निभाती नजर आए।

कहना कठिन है कि पीटीआई के समर्थन से जीते निर्दलीय उम्मीदवारों में से कितने अपने स्टैंड पर कायम रहते हैं और कब तक। यह उनकी वफादारी दिखाने का भी समय है। वहीं सौदेबाजी करके पक्ष बदलने की आशंकाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि नवाज शरीफ लोकतंत्र की दुहाई देकर सभी दलों को साथ आने की बात कर रहे हैं। साथ ही निर्दलीयों की सफलता का भी सम्मान करने की बात कर रहे हैं। निस्संदेह,पाकिस्तान में लंबे समय तक सेना के दखल और राजनीतिक मूल्यों में निरंतर आई गिरावट ने पाकिस्तानी लोकतंत्र को रुग्ण अवस्था में पहुंचा दिया है। कट्टरपंथियों और भ्रष्ट राजनेताओं ने भी इसमें बड़ी भूमिका निभायी है। ऐसे में जीते निर्दलीय उम्मीदवारों की खरीद-फरोख्त की आशंकाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। कानून व्यवस्था में व्याप्त तमाम छिद्र इसमें उनकी मदद कर सकते हैं। लेकिन एक बात तो तय है कि पाला बदलने वाले नेता जनता में अपनी साख खो सकते हैं। वैसे भी पश्चिमी जगत में पाक लोकतंत्र को संदिग्ध चुनाव प्रक्रिया के जरिये चोट पहुंचाने पर तीखी आलोचना की जा रही हैं। चुनाव के दौरान इंटरनेट और सोशल मीडिया पर लगी पाबंदी को इन्हीं धांधलियों को सिरे चढ़ाने के प्रयासों के रूप में देखा गया। बहरहाल पाक में जोड़तोड़ करके किसी की गठबंधन सरकार बनती भी है, तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसकी साख पर आंच तो आएगी ही।

### गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार

सर्वोच्च अदालत ने 26 साल की महिला को 32 हफ्ते के गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा मेडिकल वोर्ड ने कहा है कि भ्रूण में कोई असमान्यता नहीं है। महिला ने बीते अक्टूबर में अपने पति को खो दिया था। उसके कुछ हफ्ते बाद पता चला कि वह गर्भवती है। अदालत ने 23 जनवरी के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि यह 32 सप्ताह का भ्रूण है। इसे कैसे समाप्त किया जा सकता है? मेडिकल बोर्ड ने कहा इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। केन्द्र सरकार यह सुनिश्चत करे कि प्रक्रिया सुचारू रूप से व जल्द हो। महिला के वकील का तर्क है कि वह विधवा है, उसे जीवन भर आघात सहना होगा। वह बच्चे को जन्म देगी तो उसकी इच्छा के खिलाफ होगा। वह अवसाद पीड़ित बताई गई। मगर एम्स मेडिकल बोर्ड ने गर्भावस्था या प्रसव का उसके मानसिक स्वास्थ्य पर कोई असर न पड़ने की बात कही है। अब वाकई में काफी देर हो चुकी है।

> “ कई बार गलत इलाज की खबरें भी आती हैं। बहुत से लोग इलाज कराने इसलिए भी नहीं जा पाते कि उनके पास पर्याप्त साधन नहीं होते, जागरूकता भी नहीं होती। सरकारी अस्पतालों के अलावा प्राइवेट अस्पतालों का इलाज इतना महंगा है कि हो नहीं पाता। लोग बिल भरने की आर्थिक स्थिति में नहीं होते। इसका एक बड़ा कारण अपने देश की आबादी भी है। जिस पर वोटों की खातिर कोई सरकार नियंत्रण भी नहीं करना चाहती।

# जिंदादिल और आत्मनिर्भर बुजुर्गों की हंसी

क्षमा शर्मा



पिछले कुछ समय से स्विट्जरलैंड के शहर जिनेवा में हूं। बीमार पड़ी तो डाक्टर के पास जाना पड़ा। यहां भारत की तरह नहीं है कि जब चाहें डाक्टर से समय मिल जाए, बहुत समय लगता है अप्वाइंटमेंट मिलने में, लेकिन मैं किस्मत वाली थी। अगली दोपहर डाक्टर के पास बैठी थी। एक चीज जो बार-बार चकित होकर देख रही थी कि डाक्टर से मिलने बेहद बूढ़े स्त्री-पुरुष आ रहे थे। वे अकेले थे। उनके साथ कोई नहीं था। लेकिन इस बात की कोई चिंता दिखाई नहीं देती थी। उनकी चाल में बेहद मस्ती थी। वे झुककर भी नहीं चल रहे थे। वे सीधे चलते आते थे। और उनमें से कई तो निश्चय ही नब्बे साल या उससे ऊपर रहे होंगे। वे बैठते थे। फिर पास बैठे व्यक्ति से बातचीत में तल्लीन हो जाते थे। आपस में बातचीत करके बात-बात पर खिलखिला रहे थे। वे डाक्टर के पास से भी खुश-खुश निकल रहे थे। समझ में नहीं आ रहा था कि वे इतने खुश क्यों थे।

आखिर डाक्टर के पास आप किसी बीमारी को लेकर ही आते हैं, जिसके कारण चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन चिंता की जगह उनके चेहरे पर खुशी और हंसी दिखाई देती थी। शायद उसका कारण यह होगा कि वे सोचते हैं कि अगर कोई बीमारी है तो उसका इलाज भी है। और इलाज डाक्टर ही कर सकता है। बीमारी से डरने के मुकाबले उसका इलाज कराएं। फिर यहां उनके इलाज, उनके जीवन की जिम्मेदारी सरकार की होती है। सरकार अपने नागरिकों की सुख-सुविधा का पूरा ध्यान रखती है। इसके अलावा यह सोच भी है कि जीवन एक बार ही मिलता है। उसे ठीक तरह से जिया जाए। यहां चिकित्सा सुविधाएं भी बहुत अच्छी हैं। हर एक आदमी का चिकित्सा बीमा होना अनिवार्य है।

इनके मुकाबले अपने देश पर नजर डालें। बीमार पड़ने पर हम अक्सर डाक्टरों के पास जाने से बचते हैं। बीमारी का इलाज कराने के मुकाबले हम सोचते हैं कि कैसे भी यह अपने आप ठीक हो जाए। पचास साल की उम्र में ही जैसे हम खुद को बूढ़ा मान लेते हैं और सोचते हैं कि अब गए कि तब गए। कुछ अधिक उम्र होने से डाक्टर के पास जाने के लिए किसी सहारे की जरूरत तलाशते हैं। इसीलिए आप पाएंगे कि अस्पतालों में मरीजों से ज्यादा उनकी देखभाल करने वालों की भीड़ होती है। अस्पतालों में भी सारी भागदौड़ का काम अटेंडेंट के जिम्मे होता है। दस बार बुलाने जाएं तो नर्स आ पाती है। जिस अनुपात में मरीज हैं, उस अनुपात में चिकित्सा सुविधाएं बहुत कम हैं। किसी का इस ओर ध्यान भी नहीं जाता। बहुत से अस्पतालों में गंदगी भी बेशुमार है।

कई बार गलत इलाज की खबरें भी आती हैं। बहुत से लोग इलाज कराने इसलिए भी नहीं जा पाते कि उनके पास पर्याप्त साधन नहीं होते, जागरूकता भी नहीं होती। सरकारी अस्पतालों के अलावा प्राइवेट अस्पतालों का इलाज इतना महंगा है कि हो नहीं पाता। लोग बिल भरने की आर्थिक स्थिति में नहीं होते। इसका एक बड़ा कारण अपने देश की आबादी भी है। जिस पर वोटों की खातिर कोई सरकार नियंत्रण भी नहीं करना चाहती। इसीलिए संसाधन अगर उपलब्ध भी कराए जाएं तो वे लोगों तक ठीक से पहुंचते नहीं हैं।

संयुक्त परिवारों के बिखरने से हमारे यहां के बुजुर्गों की हालत दयनीय है। उनमें से बहुतों के पास भरण-पोषण के साधन नहीं हैं। परिवार होते हुए भी परिवार को उनकी परवाह नहीं है, तो वे इलाज कैसे कराएं। साधन कहां से जुटाए जाएं। एक अनुमान के अनुसार अपने यहां दस करोड़ बुजुर्ग बताए जाते हैं। इनके वोट तो सभी को चाहिए लेकिन इनकी दुरावस्था को ठीक करने की कोई योजना नहीं बनाई जाती।

यहां के बुजुर्गों को देखती हूं और अपने यहां के बुजुर्गों के बारे में सोचती हूं, तो मन खिन्नता से भर उठता है। यहां के बुजुर्ग बेशक अकेले हैं मगर सरकार उनके साथ है। वे स्वाभिमान का जीवन जी सकते हैं। सही इलाज पा सकते हैं। वे अस्सी-नब्बे साल की उम्र में भी मॉल्स में ट्राली लेकर अपना सामान खरीदते नजर आते हैं। सड़कों पर दौड़ते दिखते हैं। कई जगह तो खेलते भी दिखाई देते हैं। इसमें बुजुर्ग महिलाएं भी पीछे नहीं रहतीं। हाल ही में एक परिचित ने बताया कि नब्बे साल की एक महिला ने ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट पास किया है। वे तमाम आयोजनों में युवाओं की तरह ही बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

दरअसल, उनके पास अपने देश वाला अनेक जन्मों का विचार नहीं है, इसलिए वे जीवन को भरपूर जीते हैं। जबकि हम जीवन को इसी भरोसे छोड़े रहते हैं कि इस जीवन में कुछ अच्छा नहीं है, तो अगले जीवन में होगा और इस जीवन में जो दु:ख तकलीफें मिल रही हैं, वे पिछले जन्मों के पापों का परिणाम हैं। और भगवान की मर्जी के कारण ऐसा हो रहा है। शायद यही वजह कि जिनके पास सारे साधन मौजूद हैं, वे भी डाक्टरों के पास समय से नहीं जाना चाहते। वे डाक्टर से उम्मीद करते हैं कि वह उनके मन की बात करे। यानी कि कभी किसी बीमारी के होने की बात न बताए। जबकि डाक्टर का काम ही बीमारी को खोजना और उसका निदान करना है। अगर बीमारी खोजी ही नहीं जाएगी तो उसका इलाज कैसे होगा। कई लोगों को यह कहते सुना है कि डाक्टर के पास जाएंगे तो न जाने क्या निकाल दे। अरे, भाई निकलेगा, तो वही जो आपके शरीर में होगा। डाक्टर कोई अपने पास से तो कुछ नहीं निकाल देगा। अक्सर डाक्टर के पास हम तब जाते हैं, जब मर्ज बिगड़ चुका होता है। बेहतर है कि पहले ही चले जाएं जिससे न खुद तकलीफ पाएं और न दूसरों को दें। स्विट्जरलैंड के लोगों के बारे में बताया जाता है कि वे और कोई भी अप्वाइंटमेंट मिस कर सकते हैं मगर डाक्टर का अप्वाइंटमेंट कभी नहीं छोड़ते। इसका कारण यह है कि एक तो डाक्टर से टाइम देर से मिल पाता है, दूसरे वे हर हाल में स्वस्थ रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि उनका जीवन खुद उनके ही भरोसे है।

बीमारी के कारण मुझे पांच दिन के लिए अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा। वहां मेरे कमरे में एक बुजुर्ग महिला थीं। जिनके पांव में बहुत चोट लगी थी। दूसरी बीमारियां भी थीं मगर जो भी नर्स या अस्पताल का कोई भी कर्मचारी उनके पास आता वह सबके साथ मिलकर खूब खिलखिलाती थीं, जैसे कुछ हुआ ही न हो। उनकी उम्र भी नब्बे के आसपास रही होगी। वह अपने घर जल्दी से जल्दी जाना चाहती थीं क्योंकि उन्हें अपनी बिल्ली की याद आ रही थी। अपनी बिल्ली का फोटो भी उन्होंने लगाया हुआ था। वह पूरे समय हंसती थीं और मैं उनकी हंसी को सुन चकित होती थी। जबकि इतने दिनों में शायद ही उनका कोई नाते-रिश्तेदार मिलने आया होगा।

काश! हम भी ये सीख पाते।


**( यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

# लाइब्रेरी में सेंधमारी से झलकी साइबर युद्ध की भयावहता

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

किताबों की चोरी पुस्तकालयों के लिए कोई नई बात नहीं है। आप किसी भी लाइब्रेरियन से मिलें, वह इसके बहुत से किस्से सुना देगा। पुस्तकालयों के सदस्य और पाठक मौका मिलते ही अपनी पसंदीदा किताब को पार कर लेते हैं। ऐसी चोरियां अक्सर फुटकर स्तर होती हैं और पुस्तकालय की पूरी संपदा पर होने वाला उनका नुकसान बहुत बड़ा नहीं होता।

ऐसा नहीं होता कि चोर बड़ी संख्या में आएं और ढेर सारी किताबें उठाकर ले जाएं। इतिहास में पुस्तकालय को जला देने का जिक्र तो कई बार आता है, पर उन्हें लूट ले जाने का जिक्र शायद ही कभी आया हो। दरअसल, किताबों में जो ज्ञान पाया जाता है, वह लुटेरों के किसी काम का नहीं होता। इसीलिए दुनिया के विशाल, भव्य और ऐतिहासिक पुस्तकालयों में भी बहुत ज्यादा सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत नहीं महसूस की जाती। इसीलिए लंदन की ब्रिटिश लाइब्रेरी में पिछले दिनों हुई सेंधमारी बहुत चौंकाती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा पुस्तकालय न भी हो, तब भी सबसे महत्वपूर्ण पुस्तकालय तो है ही। यह उस देश का पुस्तकालय है, जिसने कभी दुनिया के बड़े हिस्से पर राज किया था और किताबों के अलावा उस दौर के करोड़ों दस्तावेज इसमें सहेजे गए हैं। अनुमान है, इसकी किताबों व दस्तावेजों की कुल संख्या 20 करोड़ के आस-पास होगी।



यह पुस्तकालय उस ब्रिटिश संग्रहालय का हिस्सा है, जिसकी स्थापना सन् 1753 में हुई थी। तब से दुनिया भर के शोधार्थियों की यह पसंदीदा जगह है। 19वीं सदी के लगभग एक ही दौर में दो प्रसिद्ध विचारकों ने यहीं बैठकर अध्ययन किया था और दुनिया को दो अनमोल ग्रंथ दिए थे। एक थे कार्ल मार्क्स, जिन्होंने यहीं बैठकर दास कैपिटल की तैयारी की थी। दूसरे थे दादा भाई नौरोजी, जिन्होंने यहीं पर बैठकर किताब पोवर्टी ऐंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया लिखी थी। ये दोनों किताबें आधुनिक दौर में आर्थिक शोषण के दो पक्षों को उजागर करती हैं।

ब्रिटिश लाइब्रेरी की इस महिमा से अलग हम बात कर रहे थे चोरी की। कुछ समय पहले 'रायसिदा' नामक एक साइबर गिरोह ने इस लाइब्रेरी के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क में सेंध लगा दी, यानी आईटी की भाषा में कहें, तो उसे हैक कर लिया। पुस्तकालय के कम्प्यूटर सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया। रायसिदा की ओर से मांग की गई कि अगर छह लाख पौंड के बिटक्वाइन उनके हवाले कर दिए गए, तो वह सिस्टम को बहाल कर देगा, वरना लाइब्रेरी का 600 गिगा बाइट डाटा या करीब पांच लाख फाइलें इंटरनेट के बदनाम तहखाने डार्क वेब में पहुंचा दी जाएंगी, जहां से कोई भी उन्हें डाउनलोड कर सकेगा।

लाइब्रेरी के महत्व को देखते हुए छह लाख पौंड की यह रकम बड़ी नहीं थी। निजी कंपनियां तो चुपचाप ऐसे हैकर्स को रकम देकर छुटकारा पा लेती हैं। मगर ब्रिटिश लाइब्रेरी जैसे सरकारी संस्थान के लिए यह आसान नहीं था। उसने फिरौती देने से इनकार कर दिया और उसका बहुत सा डाटा काले कारोबार की दुनिया के हवाले हो गया। सेंधमारी की इस घटना को तीन महीने बीत चुके हैं और अभी भी पुस्तकालय का सारा कामकाज पहले की तरह सामान्य नहीं हो पाया है।

बहरहाल, ब्रिटिश लाइब्रेरी में जो हुआ, वह साइबर अपराध का मामला तो है ही, साथ ही हम इससे यह अंदाज लगा सकते हैं कि रक्षा विशेषज्ञ जिस साइबर युद्ध की आशंका जता रहे हैं, उसका स्वरूप कैसा हो सकता है। परंपरागत युद्धों में तो सैन्य हमलों के जरिये महत्वपूर्ण नागरिक और सैनिक बुनियादी ढांचे को तहस-नहस करके ठप्प किया जाता था। पर अब यह काम एक साइबर हमले से हो सकता है और आपकी किसी भी व्यवस्था का कम्प्यूटर नेटवर्क में सेंध लगाकर ही ठप्प किया जा सकता है। जिस तरह से एक लाइब्रेरी को ठप्प किया गया, वैसा ही निशाना किसी शहर की बिजली व्यवस्था, जल आपूर्ति व्यवस्था या यातायात व्यवस्था पर भी साधा जा सकता है।

यानी हम अचानक ही एक ऐसे दौर में पहुंच गए हैं, जहां युद्ध के पुराने खतरे अभी बिल्कुल टले नहीं हैं, एक और विश्व युद्ध का खतरा अभी भी हमारा दु:स्वप्न बना हुआ है। इसी बीच साइबर युद्ध के नए खतरे खड़े हो गए हैं। ऐसे में, सुरक्षा तैयारियों को अब कई तरह से विस्तार देने की जरूरत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# संकट में संजीवनी बनती है छोटी-सी आशा

रेनू सैनी

जापान एक ऐसा देश है जिसने हर त्रासदी के बाद स्वयं को संभाला है। वर्ष 1945 में इसके दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका ने परमाणु बम गिराया था। वह बम इतना घातक था कि आगे आने वाली पीढ़ियों ने भी उसके दुष्परिणाम भुगते। अनेक कवियों और लेखकों ने उस त्रासदी को अपनी कलम से कलमबद्ध किया था। धर्मवीर भारती ने नाटक अंधायुग में निम्न शब्दों में विश्व को चेतावनी देते हुए मानो जापान की पीड़ा को स्वर दे दिया था:-

मैं हूं व्यास/ ज्ञात क्या तुम्हें है परिणाम इस ब्रह्मास्त्र का? यदि यह लक्ष्य सिद्ध हो ओ नर पशु!/ तो आने वाली सदियों तक पृथ्वी पर रसमय वनस्पति नहीं होगी/ शिशु होंगे पैदा विकलांग और कुंठाग्रस्त/ सारी मनुष्य जाति बौनी हो जाएगी।

इन शब्दों से युद्ध की भयावह विभीषिका को समझा जा सकता है। जापान पर जब परमाणु बम गिरे तो हर ओर त्राहि-त्राहि मच गई। उस समय मानो वहां सब कुछ खत्म-सा हो गया, सब थम-सा गया। लेकिन जापान एक ऐसा देश है जो कीबो के कारण हर पीड़ा और त्रासदी से बाहर निकलना जानता है। 'कीबो' शब्द से आप को भी यही लग रहा होगा न कि भला यह कौन-सा चमत्कारी शब्द है जिससे हर दुख-दर्द और व्यथा से बाहर निकलना संभव है। 'कीबो' शब्द जापानियों की देन है। इसका हिन्दी में अर्थ होता है, 'आशा की छोटी-सी किरण'। आशा की एक छोटी-सी किरण भी घनघोर अंधकार को दूर कर देती है। आशा की एक छोटी-सी किरण संजीवनी बूटी का काम करती है। जिस व्यक्ति को यह मिल जाती है, उसे मानो नया जीवन प्राप्त हो जाता है।



आशा की किरण के संदर्भ में आज से ही नहीं अपितु सदियों से यह कहा जाता रहा है कि इससे व्यक्ति जाग्रत होकर नई मंजिलें और कामयाबी प्राप्त करता है। जब सब कुछ खत्म हो जाए लेकिन केवल आशा की एक नन्ही किरण हाथ में हो तो फिर से सब कुछ पाया जा सकता है।

ग्रीक पुराकथाओं में इससे संबंधित एक रोचक कथा भी है। इस कथा का नाम 'पंडोरा बॉक्स' है। इस कथा के अनुसार ज्यूस को प्रोमेथ्यूस पर गुस्सा आया कि उसने आग के रहस्य को मनुष्य को क्यों सौंप दिया? ज्यूस अब प्रोमेथ्यूस से बदला लेने की योजना बनाने लगा। एक दिन उसने उसके भाई एपीमेथ्यूस का परिचय बहुत ही सुंदर युवती पंडोरा से करा दिया। कुछ ही दिनों में एपीमेथ्यूस पंडोरा के प्रेम में दीवाना हो गया। उसे पंडोरा के सिवा कुछ नजर ही न आता था। पंडोरा की नजरों से दूर होते ही वह बेचैन हो जाता। हर जगह उसे ऐसा प्रतीत होता कि मानो पंडोरा उसे मुस्करा कर देख रही है और अपने पास बुला रही है। आखिर जब एपीमेथ्यूस से पंडोरा का विरह बर्दाश्त होना मुश्किल हो गया तो उसने उससे विवाह का निश्चय किया। विवाह में ज्यूस भी उन्हें आशीर्वाद देने के लिए आए। अब ज्यूस का प्रतिशोध मानो पूरा होने जा रहा था। उसने पंडोरा को एक सुंदर-सा बॉक्स देते हुए कहा कि, 'बस इसे अपने पास संभाल कर रखना। कभी खोलने का प्रयत्न न करना, अन्यथा अनर्थ हो जाएगा।' पंडोरा ने मुस्करा कर वह बॉक्स ले लिया। जैसे-जैसे दिन बीतते गए, वैसे-वैसे पंडोरा के मन में उस डिब्बे को लेकर कौतूहल बढ़ता जाता। लेकिन एपीमेथ्यूस के सामने वह उस बॉक्स को खोल नहीं पाती थी। एक दिन एपीमेथ्यसू किसी काम से बाहर जाने लगा। वह जाते-जाते पंडोरा को बोल कर गया, 'बॉक्स का ध्यान रखना और हां इसे खोलने का कतई प्रयास न करना।' पंडोरा ने सहजता से सिर हिला दिया। लेकिन जैसे ही एपीमेथ्यूस घर से बाहर निकला, पंडोरा स्वयं पर काबू नहीं रख पाई। वह भागकर बॉक्स के पास गई। उसे उठाया और खोल दिया। पर यह क्या? बॉक्स खोलते ही ऐसी अकल्पनीय दुष्टता बाहर आई, जिसने हमेशा के लिए नश्वर संसार पर धावा बोल दिया। यह देखकर भय से पंडारा उसे बंद करने के लिए भागी, उसने देखा कि बॉक्स में सबसे नीचे, आशा की भावना एलपिस बची हुई थी। वही उस बॉक्स में एकमात्र अच्छी चीज थी, जो सबसे आखिर में बची रह गई।

बस तभी से यह कहा जाने लगा कि, 'एक उम्मीद हमेशा रहती है।' इसी एक उम्मीद को जापानी 'कीबो' कहकर पुकारते हैं। द्वीप के प्राकृतिक संसाधनों एवं भूकंप व सुनामियों के लगातार बने रहने वाले संकट के बीच जापानियों को अनेक संकटों का सामना करना पड़ा। परंतु उन्होंने आशा की एक छोटी-सी किरण के सहारे ही हर संकट का सामना किया और उसे सफलतापूर्वक पार किया। वे हर पीड़ा और परेशानी से उबर कर इस तरह सामने आए कि मानो कोई समस्या थी ही नहीं।

जापानी 'कीबो' शब्द को बहुत ही प्रभावी मानते हैं। इसलिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के जापानी मॉड्यूल का नाम भी 'कीबो' है। इसे अंतरिक्ष में प्रयोग करने के लिए तैयार किया गया। इसे जापान एरोस्पेस एक्सपलोरेशन एजेंसी ने तैयार किया था। आज भी यह कक्षा में है और विज्ञान को आशा देते हुए मानव की प्रगति में सहयोग दे रहा है।

मनुष्य बहुत जल्दी मायूस हो जाता है और हार मान लेता है। इस बार मायूस होने या हार मानने से पहले एक बार 'कीबो' को ध्यान रखें। यदि आप सदैव कीबो को साथ लेकर चलते हैं तो यकीन मानिएगा कि आप बड़ी से बड़ी जंग जीत सकते हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### इच्छुक परिवार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लें - कलेक्टर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान सारंगढ़ के पुष्प वाटिका में आयोजित सतनामी समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। कलेक्टर चौहान ने सर्वप्रथम बाबा गुरु घासीदास जी के पूजा स्थल सतनाम जैतखाम का पूजा वंदन किया। कलेक्टर चौहान ने इस अवसर पर बाबा गुरु घासीदास और बाबा अंबेडकर के कार्यों का नमन किया। उन्होंने कहा कि इस पुनीत सामाजिक कार्य के लिए मुझे आमंत्रित किया, इसके लिए धन्यवाद। किसी परिवार को परिचय सम्मेलन से अपना बहु या दामाद खोजने में सुविधा होता है। सभी समाज के लिए यह बहुत ही जरूरी कार्यक्रम है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के माध्यम से प्रति जोड़े को पचास हजार का सहयोग प्रदान करता है। आप सभी इच्छुक अपने नजदीकी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका से मिलकर वर वधु का पंजीयन जरूर कराएं, ताकि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में आप सभी को इस योजना का लाभ मिले। इसी प्रकार केंद्र या राज्य सरकार की कोई भी योजना, लोन आदि का लाभ के लिए आप सभी आवेदन करें और किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसका मुझे अवगत कराएं। आप सभी अपने परिवार,पड़ोस, रिश्तेदार, समाज, गांव, शहर के विवाहित महिला जिनकी आयु 21 वर्ष हैं, उन सभी का महतारी वंदन योजना का फॉर्म जरूर जमा करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य योजनाओं से लाभ के बारे में भी सम्मेलन में शामिल लोगो को जानकारी दिया। इस सम्मेलन में लगभग 100 युवाओं ने जीवनसाथी के लिए अपना परिचय मंच में आकर दिया। इस अवसर पर देव कोशले, शैल कुमार, अक्षय महिलाने, भूपेंद्र जितेंद्र, पुराइन,रामकुमार, अजय, कमल किशोर (कोसले), हेमलाल बंजारे, लक्ष्मी बघेल, पुस्तिका निराला, जितेंद्र भास्कर, प्रिया भारद्वाज ,अशोक भारद्वाज, निलेश नवरंग, जयसिंह खुटे, तुलाराम जोल्हे, गीता चेलके, लक्ष्मण सिंह बघेल, रामकुमार जोल्हे, हेमंती भारती, तृप्ति,हिरण कोसले, सुंदरमती शामिल थीं।

### प्रतिभावान बच्चों को मंत्री ने किया सम्मानित

**कोरबा।** प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न परीक्षा में उत्तीर्ण मेघावी छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के बच्चे देश के भविष्य है। ऐसे आयोजन से बच्चों में उत्साहवर्धन होता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है। कैसे अच्छा हो सके इसके लिए वे प्रयास करते है। श्री देवांगन ने कहा कि कोरोना काल में जिनके माता पिता का निधन हो गया था इस महाविद्यालय द्वारा ऐसे बच्चों को निरूशुल्क शिक्षा दी जा रही है। यह एक सराहनीय प्रयास है। आयोजकों ने बताया कि इस कॉलेज की स्थापना वर्ष 1999 में हुई थी, जिसके आज 25 वर्ष पूरे होने जा रहे है। वर्तमान में यहां 1200 बच्चे अध्ययनरत है। केबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि निश्चत तौर पर संस्कार व शिक्षा से बच्चों का भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है। उद्योग संघ के जिला अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने प्रदेश सरकार के बजट में एल्युमिनियम पार्क के लिए उद्योग मंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर मंत्री ने शोध पर आधारित 2 पुस्तकों का विमोचन भी किया। समारोह में अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल के अलावा भगवान दास अग्रवाल, शिव अग्रवाल एवं मनोज गोयल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# माता-पिता की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं, उन्हें खुश रखें तो जीवन सफल होगा : विष्णुदेव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कंडोरा में आयोजित मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है, इसलिए हम सभी को प्रतिदिन अपने माता-पिता का चरण छूकर आशीर्वाद लेना और उन्हें प्रणाम करना चाहिए। उन्हें खुश रखेंगे, तो जीवन सफ्ल होगा। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप मनाने की घोषणा भी की।






मुख्यमंत्री श्री साय ने आयोजकों को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित करने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके गुरु ने कहा था कि माता-पिता भगवान से बड़े होते हैं। माता जन्म देती है। गर्भ में 9 माह तक रखने के बाद पालन-पोषण करती है। यदि माता-पिता खुश नहीं हैं, तो सभी पूजा-पाठ सभी व्यर्थ है। वेदों में भी माता-पिता का स्थान सर्वोच्च है। मुख्यमंत्री ने धार्मिक कथाओं का उदाहरण देते हुए माता-पिता के महत्व को रेखांकित किया और सभी बेटे-बेटियों को अपने माता-पिता को खुश रखते हुए उनसे आशीर्वाद लेने और उनका आदर और सम्मान करने की अपील की। कार्यक्रम को श्री राजीव रंजन नन्दे और वनवासी आश्रम के योगेश बापट ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने माता-पिता का महत्व बताते हुए उनका आशीर्वाद लेने और पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहकर अपने माता पिता की सेवा करने और उनका नाम रोशन करने की बात कही। इस दौरान पद्मश्री जागेश्वर यादव, राम प्रताप सिंह, संभाग आयुक्त जी.आर. चुरेंद्र, जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, आई.जी. अंकित गर्ग, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात भावुकता के साथ अपने माता-पिता को याद करते हुए बताया कि बचपन में उनके सिर से पिता का साया उठ जाने के पश्चात अपनी माता में ही पिता और माता का रूप देखते थे और निरंतर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। उन्होंने बताया कि आज भी उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेता हूँ और मुझे लगता है कि आज मैं जिस मुकाम पर हूँ, मुख्यमंत्री हूँ उसमें मेरे माता-पिता का ही आशीर्वाद है। कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने अपने माता-पिता की विधि विधान से पूजा की और माता पिता की सेवा करने का संकल्प भी लिया।

## मुख्यमंत्री साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्मृति दिवस 11 फ़रवरी को बगिया कैंप कार्यालय में उनके छायाचित्र पर मुख्यमंत्री ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए द्य उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद की विचारधारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है जो समाजवाद और व्यक्तिवाद से अलग सोचने की आजादी देता है।

एकात्म मानववाद एक वर्गहीन, जातिविहीन तथा संघर्ष मुक्त सामाजिक व्यवस्था जो साम्यवाद से अलग है उसके रूप में परिभाषित किया गया। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तरीके से भारतीय संस्कृति का एकीकरण होना चाहिए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मुख्य विचारों को उनकी भारतीयता, संस्कृति और अंत्योदय की संकल्पना में देखा जा सकता है। 'सभी के लिए शिक्षा' और 'हर हाथ को काम, हर खेत को पानी' के उनके दृष्टिकोण को आर्थिक लोकतंत्र के उनके विचार में परिणित होते देखा गया। आर्थिक लोकतंत्र के अपने विचार को समझाते हुए वे कहते हैं, ''यदि सभी के लिए वोट राजनीतिक लोकतंत्र की कसौटी है, तो सभी के लिए काम आर्थिक लोकतंत्र का माप है। उन्होंने बड़े पैमाने के उद्योग आधारित विकास, केंद्रीकरण और एकाधिकार के विचारों का विरोध करते हुए स्वदेशी और विकेंद्रीकरण की वकालत की। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी व्यवस्था जो रोजगार के अवसर कम करती हो वह अलोकतांत्रिक है. उन्होंने सामाजिक असमानता से मुक्त एक ऐसी व्यवस्था की वकालत की जहां पूंजी और शक्ति का विकेंद्रीकरण हो। पंडित दीन दयाल उपाध्याय का कहना था कि भारतीय संस्कृति की नींव पर एक मजबूत और समृद्ध भारतीय राष्ट्र का निर्माण करना है, जो सभी को स्वतंत्रता, समानता और न्याय (धर्मराज्य), सभी के लिए अधिकतम भलाई और संश्लेषण, न कि संघर्ष को आधार बनाए।

## उप मुख्यमंत्री साव ने बैगा आदिवासियों की सुनी समस्याएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम महामाई में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां भूगर्भ से प्रगटित हनुमान जी एवं महामाई दाई की मूर्ति की नवनिर्मित मंदिर में आज प्राण प्रतिष्ठा की गई।




श्री साव ने हनुमान जी एवं महामाई दाई की मूर्ति की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हनुमान जी एवं महामाई दाई की मूर्ति यहां 300 वर्ष पहले स्वयमेव भूगर्भ से प्रगट हुई थी जिसके नाम पर गांव का नाम महामाई पड़ा है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने महामाई में जन चौपाल लगाकर वनांचल में रहने वाले बैगा आदिवासियों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने गांव में राशन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, विद्युत, आवास, शौचालय सहित शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर सामुदायिक भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की।

श्री साव ने बैगा आदिवासी महिलाओं को महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत शासन द्वारा 20 फरवरी तक आवेदन फॉर्म लिए जा रहे हैं। विवाहित महिला जो छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी हो, इसके लिए पात्र होंगी।उन्होंने कहा कि योजना के तहत हर पात्र विवाहित महिला के खाते में सरकार द्वारा हर महीने एक हजार रुपए अंतरित की जाएगी। इससे महिला सशक्तीकरण एवं आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा मिलेगा। परिवार में महिलाओं की भूमिका बढ़ेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव के समक्ष महामाई में ग्रामीणों ने स्वप्रेरित होकर नशापन नहीं करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कहा कि न शराब बनाएंगे और न ही शराब का सेवन करेंगे। इसके प्रति समाज को जागरूक भी करेंगे। श्री साव ने सामाजिक संस्था प्रयास... अ स्माल स्टेप (Prayas... a small step) द्वारा बैगा आदिवासियों की शिक्षा और चिकित्सा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने बड़े महराज जी मारुति धाम देवरघटा से सभी की खुशहाली के लिए आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## जिस घर में बेटी, बहन और मां एक साथ खिलखिला कर हंसती है उस घर में वास्तु दोष नहीं होता - सिन्हा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद ।** महिला स्व सहायता समूह सशक्तिकरण एवं सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का सामाजिक सहभागिता के माध्यम से संकल्प से शक्ति, संगठन में समृद्धि किए जाने के उद्देश्य से शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) महासमुंद में किया गया।




कार्यक्रम का शुभारम्भ स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व पार्षद गणों ने भारत माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि शक्ति वंदन अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करने के साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना है। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है और इसमें मातृ शक्ति का योगदान बढ़ रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि जिस घर में बेटी, बहन और मां एक साथ खिलखिला कर हंसती है उस घर में वास्तु दोष नहीं होता। आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में नागरिको को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, नगर पालिका अध्यक्ष तुमगांव श्री राकेश चंद्राकर, स्थानीय जनप्रतिधि पार्षद श्रीमती मीना वर्मा, मनीष शर्मा, श्री देवीचंद्र राठी, श्री महेंद्र सिक्का, पवन पटेल, महेंद्र जैन, गंगाराम साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम में उपस्थित आमजनो को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु विभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ श्रीमती शैल नाविक द्वारा महतारी वंदन योजना, सामूहिक कन्या विवाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## न्यायमूर्ति मनोहर सप्रे ने किया सड़क सुरक्षा उपायों का अवलोकन


श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन सेफ्टी के अध्यक्ष न्यायमूर्तिअभय मनोहर सप्रे ने आज दुर्ग से रायपुर सड़क मार्ग के मध्य गंभीर सड़क दुर्घटनाजन्य खण्डों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क सुरक्षा उपायों का अवलोकन किया।



न्यायमूर्ति मनोहर सप्रे ने इस दौरान हाईवे पेट्रोल वाहनों, एम्बुलेंस, स्पीड राडार गन, इण्टरसेप्टर व्हीकल, ब्लैक स्पॉट्स का भी अवलोकन कर जीवन रक्षा हेतु सतत् सुधारात्मक उपाय के निर्देश दिये। एनएचएआई, यातायात पुलिस एवं परिवहन, टोल कर्मियों सहित जनसामान्य से भी सड़क सुरक्षा के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी छत्तीसगढ़ संजय शर्मा, एनएचएआई के महाप्रबंधक प्रवीण बिंजेवार, आरटीओ रायपुर कीर्तिमान सिंह, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह एवं सतीश ठाकुर सहित विभिन्न विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना सरकार का संकल्प हैः बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आज भारत में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना है। यह बात वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को महिला स्व सहायता समूह सशक्तिकरण के तहत शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में कही।

बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में वीरभद्र नगर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्यक्रम चला रही है। इन योजनाओं का महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। महिलाएं अब आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने महिलाओं को उनके बारे में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने और महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है जिसके लिए इस प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं।





श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। पदमश्री भारती बंधु, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पार्षद सरिता दुबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, पूर्व पार्षद याद राम साहू समेत नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी, हितग्राही और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## खास खबर...



### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री पटेल को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय राज्यमंत्री को हाल ही में पेश हुए छत्तीसगढ़ के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि प्रदेश में उद्योगों के विकास के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए राज्य सरकार विशेष पहल कर रही है और इसके लिए बजट में आवश्यक प्रावधान किए गए है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा वाणिज्य एवं उद्योग के क्षेत्र में संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी साझा की।

### पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रदेश भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी की रायपुर जिला (शहर) इकाई ने तेलीबांधा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पंडित उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण व विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही है। रायपुर शहर जिला कार्यक्षेत्र में निवासरत भाजपा प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न कार्यक्रम में नेताओं ने पंडित जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर रायपुर पश्चिम विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। रविवार सुबह राजधानी के तेलीबांधा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद रायपुर शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। स्व.पं.दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा के नागला में हुआ था एवं उन्होंने अपने जीवन की अंतिम साँसें बिहार के बेगूसराय के पहुंचने के पूर्व ली जहां उनका पार्थिव शरीर संदिग्ध अवस्था में पाया गया। उपाध्याय जी उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्ति थे। उन्होंने बी.ए. व एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही दो बार प्रतियोगी परीक्षाएँ भी उत्तीर्ण की, परंतु अंग्रेज सरकार की नौकरी से उन्होंने इंकार कर दिया। उन्होंने आजाद भारत में एकात्म मानववाद दर्शन और समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण के लिए अंत्योदय का सिद्धांत समाज के सामने प्रस्तुत किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय की बात करने वाले ज्योतिपुंज थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण को राजनीतिक चिंतन का एजेंडा बनाया था। उनके इस चिंतन का आज असर दिखता है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही है, जहां आज केंद्र और राज्य की भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उद्धार के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ कार्य कर रही है।

# गांव चलो अभियान के तहत लोगों तक पहुंच रहे भाजपा नेता



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी गांव चलो अभियान के तहत एक निश्चित कार्यक्रम बनाकर लगातार 8 फरवरी से गांव एवं बूथों में प्रवास कर रहे हैं। प्रवास के दौरान भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि वहां के लोगों से मिलकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बता रहे हैं। प्रदेश की जनता केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों एवं योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा के गांव चलो अभियान में शामिल होकर इस अभियान को सफल रहे हैं। और राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। गांव चलो अभियान के लिए छत्तीसगढ़ से इस अभियान का संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल को बनाया गया है इसके साथ ही इस अभियान के लिए विधायक, मोतीलाल साहू, विधायक गोमती साय एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भारत मटियारा को बनाया गया है।

अभियान के अंतिम दिन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ग्राम कंदूल पहुंचे मंत्री टंकराम वर्मा बलौदा बाजार विधानसभा के सकरी और करमदा गांव पहुंचे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव नगरनार मण्डल के ग्राम तुरेनार में शनिवार को देर शाम पहुँच कर ग्रामीणों के बीच बैठ कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सीधे संवाद किया व उनकी समस्यायें से रूबरू हुये। गांव चलो आभियान के तहत ग्राम के बुजुर्ग, महिलाओं, युवाओं से बातचीत कर राज्य व केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में अवगत कराया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने ग्राम देवी के मंदिर में पूजा अर्चना की और गांव के चौपाल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, जो सदैव जनता जनार्दन की सेवा व विकास के लिये संकल्पित है। मातृशक्तियों, माता बहनों बेटियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना आरंभ की है। जिसमें हर विवाहित महिला के बैंक खाते में प्रति माह एक हजार रुपये सीधे जमा होंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हर गरीब परिवार को मिले, इस हेतु 18 लाख परिवार का लक्ष्य साध कर काम हो रहा है। किसान भाईयों, श्रमिकों, युवाओं सभी के लिये केन्द्र व राज्य की अलग अलग योजनायें संचालित हो रही है, जिसका सीधा उद्देश्य आमजन के जीवन को बेहतर बनाने व विकास से जुड़ा है। किरण देव ने कहा कि तुरेनार गाँव के संबंध में जो भी समस्यायें है, विकास कार्य होने है, उस पर यथाशीघ्र काम किया जायेगा।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 जन जागरूकता एवं स्वास्थ्यवर्द्धन का अभिनव कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के अवसर पर रविवार को अनुपम गार्डन में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा यातायात पुलिस रायपुर, नेहरू युवा केन्द्र, रोटरी क्लब, सी-3 इण्डिया, अमेजन, स्टेफिट विथ मी, एएसजीआई हॉस्पिटल सहित विभिन्न संस्थाओं के सहयोग व सहभागिता से स्वास्थ्यवर्द्धन एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता का अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एआईजी ट्रैफिक, अध्यक्ष-लीड एजेंसी ने स्व अनुशासन से सड़क सुरक्षा उपायों, यातायात नियमों के अनुपालन द्वारा स्वयं, परिवारजनों तथा जनसामान्य की सुरक्षा की अपील की। तदुपरांत स्टेफिट विथ मी ग्रुप प्रमुख शुभांगी ने अपने ऊर्जावान साथियों के साथ एरोबिक्स एवं जुम्बा प्रदर्शन के दौरान बच्चों, युवाओं तथा बुजुर्गो साथ झूम उठे। इस दौरान सहज योग, आंखों की जांच तथा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा आंखों के उपचार हेतु निःशुल्क कूपन वितरित किये गए।

तदुपरांत सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु बैनर, पोस्टर के साथ उपस्थित विशाल मातृ शक्ति द्वारा भारतीय संस्कृति के विशिष्ट परिधान साड़ी में वाकाथॉन में पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट परिधान, ऊर्जावान प्रस्तुति एवं सर्वश्रेष्ठ दल हेतु क्रमशः टीम सीआरसी सायक्लोलोग, स्टेफिट विथ मी, आईटीएमएस टीम को जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मीनल चौबे द्वारा पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया गया।

आयोजन में अजय पाठक एवं रोटरी ग्रेटर टीम, खिलेश्वर सी-3 इण्डिया, अर्पित तिवारी, एएसपी सचिन चौबे, टीम अमेजन, टीकेभोई, प्रियंका, उपाध्याय सीमा, अल्का, आरती, सरिता, राजेश, दुष्यंत, भानू, इशू, राहुल आदि का विशेष सहयोग दिया।

# 40 गांव में जनसेवा के साथ-साथ संस्कृति को सहेजने में गौमुखी सेवा धाम सेवा का अमूल्य योगदानः श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन

■ सुदूर अंचल देवपहरी और साखो के दौरे पर रहे वाणिज्यिक, उद्योग और श्रम मंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा की सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में आज गौमुखी सेवा धाम सेवा का पर्याय बन गया है, 300 से ज्यादा आदिवासी समाज के बच्चों को शिक्षा दी जा रही है, अस्पताल में लोगों को इलाज किया जा रहा है, कैंप लगाकर लोगों की सेवा की जा रही है। आज गौमुखी सेवा धाम के इस सेवाभाव का ही नतीजा ही है कि लोग आज जागरूक हो रहे है। अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आ रहे हैं। मंत्री देवांगन ने सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने कहा की समिति द्वारा धाम के विकास के लिए जो भी जरूरत होगी, उसके लिए प्रयास कर स्वीकृति दी जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोगों तक और गौमुखी सेवा धाम सेवा कार्य कर सके।



श्रम मंत्री देवांगन गौमुखी सेवा धाम, देवपहरी में माई मेला के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मिथलेश दुबे जी, सचिव योगेश जैन जी, राष्ट्रीय संघ सेवक के विभाग संचालक सत्येंद्र दुबे , अशोक चावलानी जी, इंदु शर्मा समेत सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा की वे इसी तरह सेवाभाव से जनमानस की सेवा करते रहें।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा के महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन, राधे यादव, नरेन्द्र पाटनवार, शैलेंद्र यादव, नरेन्द्र गोस्वामी समेत अधिक संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### साखो में रौतिया समाज ने किया भव्य स्वागत

सुदूर ग्रामीण अंचल पहाड़ी कोरवा ग्राम पंचायत साखो में अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद् के सम्मेलन अवसर पर प्रदेश के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री देवांगन का भव्य स्वागत किया गया, करमां नृत्य और पारंपरिक तरीके से मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होने कहा की समाज के ऐसे आयेजन से समाज के प्रबुद्धजनों से मार्गदर्शन मिलता है, जिससे समाज का उत्थान होता है, जागरूकता का ही असर है कि समाज आज बहुत एकजुट है, समाज के लोग हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। इस अवसर पर समाज के प्रदेश सचिव पालूराम प्रधान ने कहा की इस गांव में आज तक कोई मंत्री नहीं आया था, समाज के आमंत्रण पर मंत्री देवांगन पहुचे इससे समाज और आम जन मानस में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर परमेश्वर राम, रामनारायण राम, समेत अधिक संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# अंकिता लोखंडे ने रिवीलिंग बैकलेस गाउन में दिखाया किलर अंदाज, अदाओं ने बढ़ाई फैंस के दिलों की धड़कनें!

एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे बिग बॉस 17 के खत्म होने के बाद से ही लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। बेशक अंकिता शो की ट्रॉफी अपने नाम न कर पाई हों, लेकिन उन्होंने देशभर के कई लोगों का दिल जरूर जीता। इन दिनों एक्ट्रेस लगातार पार्टीज कर रही हैं। वहीं, उनके कई स्टाइलिश लुक्स भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। इसी बीच अब अंकिता ने फिर से अपने चाहने वालों के दिलों की धड़कनें बढ़ाते हुए अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

अंकिता ने कुछ देर पहले ही अपना नया लुक शेयर किया है। इसमें वह इलैक्टिंग ब्लू शेड का बैकलेस थाई हाई स्लिट रिवीलिंग गाउन पहने हुए नजर आ रही हैं।

अंकिता ने अपने इस लुक को सटल शिमरी बेस, न्यूड शाइनी लिस्ट और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने बालों को ओपन रखा है। एक्ट्रेस इन फोटोज में बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश दिख रही हैं।

इस आउटफिट के साथ अंकिता ने एक्सेसरीज के तौर पर कानों में डायमंड ईयररिंग्स पहने हैं। एक्ट्रेस ने अपने इस किलर लुक को कैमरे के सामने खूब फ्लॉन्ट करते हुए पोज दिए हैं। अब फैंस की नजरें उनके इस ग्लैमरस लुक पर टिकी रह गई हैं। कुछ मिनटों में ही अंकिता के लुक पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं, जो तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं। बता दें कि अंकिता इस लुक में बिग बॉस की रीयूनियन पार्टी में शरीक होने के लिए पहुंची थीं, जहां उन्होंने जमकर मस्ती की।

दूसरी ओर अंकिता के वर्क फ्रंट की बात करें तो बिग बॉस 17 से बाहर आने के बाद उनकी किस्मत चमक उठी हैं। दरअसल, एक्ट्रेस को जल्द ही फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में यमुनाबाई का किरदार निभाने हुए देखा जाने वाला है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा को लीड रोल में देखा जाने वाला है। अंकिता के चाहने वाले उन्हें इस फिल्म में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।

# सतीश कौशिक की आखिरी फिल्म कागज 2 का ट्रेलर रिलीज, मनोरंजन के बीच छिपा है खास संदेश

पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म कागज को साल 2021 में दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं, इसकी अगली कड़ी कागज 2 भी अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। कागज 2 दर्शकों के लिए इस कारण भी खास है, क्योंकि इसमें दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक नजर आएंगे। फिल्म के उत्साह को बढ़ाने के लिए इसका ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर को सोशल मीडिया पर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

कागज 2 में दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के अलावा अनुपम खेर और नीना गुप्ता भी हैं। ट्रेलर देखकर साफ हो रहा है कि फिल्म 1 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वीके प्रकाश द्वारा निर्देशित और शशि सतीश कौशिक, रतन जैन और गणेश जैन द्वारा निर्मित, यह फिल्म सतीश कौशिक एंटरटेनमेंट



एलएलपी और वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड का संयुक्त उत्पादन है।

फिल्म पर बात करते हुए वीनस फिल्म्स के निर्माता रतन जैन ने कहा, सतीश जी के साथ मेरा जुड़ाव बहुत पुराना था। उन्होंने मेरी कंपनी के लिए एक फिल्म का निर्देशन किया और हमने साथ में कई फिल्मों का निर्माण किया। कागज 2 उनके दिल में एक विशेष स्थान रखता है। यह मेरे प्रिय मित्र को एक श्रद्धांजलि है। रतन जैन ने जोड़ा, इस फिल्म से यह संदेश जाता है कि अपना रास्ता बनाने के लिए दूसरे का रास्ता न रोकें। राजनीतिक रैलियां और विरोध प्रदर्शन अक्सर ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैं, जिससे आम लोगों को असुविधा होती है। अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर ने कागज 2 के ट्रेलर को साझा करते हुए दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए एक हार्दिक नोट लिखा। अनुपम ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर को कैप्शन दिया, पेश है मेरे दोस्त सतीश कौशिक के जुनूनी प्रोजेक्ट कागाज 2 का ट्रेलर। ये सिर्फ मुद्दा नहीं, ये हर आदमी के इमोशन्स हैं। कागज 2 का निर्माण सतीश कौशिक एंटरटेनमेंट एलएलपी और वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से शशि सतीश कौशिक, रतन जैन और गणेश जैन द्वारा किया गया है।

# ज्यादा देर तक बैठकर काम करने वालों की टेंशन बढ़ा सकती है ये रिसर्च, मौत का रिस्क ज्यादा

अगर आप भी कुर्सी पर ज्यादा देर तक बैठकर काम करते हैं तो सावधान हो जाइए। एक रिसर्च में सामने आया है कि ज्यादा देर तक बैठने वालों को मौत का खतरा बाकी लोगों की तुलना में 16 प्रतिशत ज्यादा होता है। इसे 13 साल तक ज्यादा देर बैठने वालों पर शोध करने के बाद जारी किया गया है। आइए जानते हैं क्या कहता है रिसर्च।

### हार्ट अटैक का खतरा

लगातार और ज्यादा देर तक बैठकर काम करने और कम चलने वालों को सतर्क हो जाना चाहिए, क्योंकि इस 4,81,688 लोगों पर हुए रिसर्च के बाद पता चला है कि ऐसे लोगों में कार्डियो वस्कुलर डिसीज यानी हार्ट डिजीज से मौत का खतरा बाकी लोगों की तुलना में 34 फीसदी ज्यादा होता है। दूसरी बीमारियों से जान जाने का रिस्क 16 प्रतिशत तक पाया गया है।



### ये बीमारियां भी हो सकती हैं

रिसर्च में बताया गया है कि चलने-फिरने से शरीर बुढ़ापे तक एक्टिव रहता है। लंबी उम्र की एक ये भी वजह है कि ऐसे लोग चलना-फिरना खूब करते हैं। लगातार बैठे रहने से ब्लड शुगर, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा और कमर के आसपास चर्बी जमने का जोखिम ज्यादा रहता है। इससे कोलेस्ट्रॉल की समस्या हो सकती है और ये सभी मिलकर हार्ट की बीमारियां, यहां तक कि कैंसर का खतरा भी बढ़ा सकते हैं।

### महिलाएं ज्यादा रहें सावधान

इस रिसर्च में पता चला है कि ऐसे लोग जो 8 घंटे से ज्यादा लगातार बैठकर काम करते हैं, उनकी सेहत पर स्मोकिंग जैसा खतरा रहता है। अगर पूरे दिन बैठकर फिर जिम जाकर पसीना बहाया जाए तो इससे डैमेज कंट्रोल नहीं हो सकता है। एक रिर्ट के अनुसार, मोटापा, कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर, इन्फ्लेमेशन जैसी खतरनाक बीमारियां महिलाओं में ज्यादा तेजी से फैल सकती हैं। इसलिए उन्हें अपनी फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए और ज्यादा देर तक बैठने से बचना चाहिए।

# विक्की कौशल ने शेयर किया ऑल इंडिया रैंक का जबरदस्त ट्रेलर

## वरुण ग्रोवर के डायरेक्शन की है पहली फिल्म



बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल की फिल्म मसान (2015) का एक डायलॉग तो आपको याद ही होगा, जो काफी फेमस हुआ था। फिल्म मसान में विक्की कौशल ने कहा था, ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे। इसे बोला विक्की ने था लेकिन लिखा वरुण ग्रोवर ने था। अब वरुण ग्रोवर के निर्देशन में बनी फिल्म ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर रिलीज किया गया है। विक्की ने ये ट्रेलर शेयर करते हुए अपने खास दोस्त वरुण ग्रोवर की तारीफ में कुछ बातें भी लिखी हैं और मसान का वो फेमस डायलॉग भी लिखा है। फिल्म ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर काफी जबरदस्त है।

विक्की कौशल ने अपने करियर की शुरुआत मसान से ही की थी और उस फिल्म का स्क्रीनप्ले वरुण ग्रोवर ने किया था। विक्की और वरुण की दोस्ती उसी समय की है और फिल्म ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर शेयर करके विक्की ने दोस्ती निभाई है। अब चलिए आपको फिल्म का ट्रेलर दिखाते हैं और इस फिल्म के बारे में कुछ बातें बताते हैं। विक्की कौशल ने फिल्म ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर रिलीज किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हम दोनों इंजीनियर का सिनेमा की दुनिया में सफर लगभग साथ ही शुरू हुआ, मसान के साथ। साला ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे... ये लाइन कई सालों पहले वरुण ग्रोवर ने ही लिखी थी और उसमें उनकी फिल्मोग्राफी लाजवाब थी। मैं बहुत खुश हूं और ऑल इंडिया रैंक का ट्रेलर शेयर करते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं। वरुण का निर्देशन में ये डेब्यू है जिसकी मैं शुभकामनाएं देता हूं। चमकते रहो मेरे भाई और पूरी टीम को इसकी शुभकामनाएं।

अगर फिल्म ऑल इंडिया रैंक की बात करें तो इसमें एक मिडिल क्लास फैमिली की कहानी को दिखाया गया है। एक मिडिल क्लास दंपत्ति का एक ही बेटा होता है जो 17 साल का हो गया है और उसे आईआईटी क्रैक करने के लिए बड़े शहर भेजा जाता है। उस 17 साल के बच्चे पर माता-पिता की उम्मीदों का पहाड़ है लेकिन उसकी अपनी भी कुछ इच्छाएं हैं। इसी सफर में उसे प्यार भी हो जाता है। अब वो लड़का आईआईटी पास करता है या आगे क्या होना है ये जानने के लिए आपको फिल्म ऑल इंडिया रैंक देखना होगा।

वरुण ग्रोवर ने फिल्म ऑल इंडिया रैंक की कहानी लिखी है और इसका निर्देशन भी किया है। राइटर वो पहले से हैं लेकिन निर्देशन की दुनिया में ये उनका पहला कदम है।

# विदिशा श्रीवास्तव ने वैलेंटाइन डे के लिए तैयार किया रोमांटिक प्लान, पति को देंगी बड़ा सरप्राइज

अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव ने इस साल वेलेंटाइन डे के लिए अपने पति के लिए एक शानदार रोमांटिक योजना बनाई है, जिसमें एक आरामदायक कैंडललाइट डिनर भी शामिल है। अपने सरप्राइज प्लान के बारे में बात करते हुए सिटकॉम भाबीजी घर पर हैं में अनीता भाबी का किरदार निभाने वाली विदिशा ने कहा, हालांकि हम रोजाना प्यार को गले लगाते हैं, लेकिन यह वेलेंटाइन डे अतिरिक्त महत्व रखता है क्योंकि यह माता-पिता के रूप में हमारा पहला दिन है। मैंने एक शानदार रोमांटिक प्लान बनाया है। इस वर्ष सयाक के लिए योजना बनाएं। मेरे लिए, वेलेंटाइन डे शहर को लाल रंग में रंगने के बारे में है!



वे कहते हैं कि एक आदमी के दिल का रास्ता उसके पेट से होकर गुजरता है, और शांत संगीत और आरामदायक माहौल के साथ छत के रेस्तरां में मोमबत्ती की रोशनी में रात्रिभोज से बेहतर कुछ नहीं है। शूटिंग और हमारे बच्चे आद्या की देखभाल के व्यस्त दिन के बावजूद, मैं सयाक को आश्चर्यचकित करना चाहता हूं एक अविस्मरणीय तारीख के साथ, उसने साझा किया।

मेरी गुड़िया फेम अभिनेत्री ने कहा, इसके अलावा, चूंकि यह दिन हर रूप में प्यार का जश्न मनाने के बारे में है, आइए उन लोगों को स्वीकार करने के लिए रुकें जो हमारे जीवन में गर्मजोशी लाते हैं और हमारे आसपास के लोगों के साथ प्यार साझा करते हैं।

शो का आगामी ट्रैक विभूति (आसिफ शेख) के इर्द-गिर्द घूमेगा, जो खुद को दिवास्वप्न में खोया हुआ पाता है, जहां वह अंगूरी (शुभांगी अत्रे) के साथ वेलेंटाइन डे मना रहा है। अपनी कल्पना में, अंगूरी उसके प्रति अपने प्यार का इज़हार करती है। हालाँकि, हकीकत में अंगूरी से मिलने पर, विभूति ने वेलेंटाइन डे के लिए उसकी योजनाओं के बारे में पूछा।

वह लड्डू के भैया (रोहिताश्व गौड़) से उसे कुल्लू मनाली ले जाने के लिए कहना चाहती है। उसकी योजनाओं को विफल करने और खुद अंगूरी के साथ दिन बिताने के लिए दृढ़ संकल्पित, विभूति एक योजना तैयार करता है। इस बीच, तिवारी वैलेंटाइन डे के लिए उसकी योजनाओं के बारे में पूछताछ करने के लिए अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) से मिलने जाता है। अनीता मानती है कि विभूति ने उसके लिए कुछ योजना बनाई है, लेकिन तिवारी इस विचार का मजाक उड़ाते हैं, यह सुझाव देते हुए कि विभूति को शायद यह अवसर याद भी नहीं है।

तिवारी की टिप्पणियों से आहत होकर, अनीता ने उन्हें शर्त लगाने की चुनौती दी। जब तिवारी का सामना विभूति से होता है, तो वह एक कहानी गढ़ता है, जिसमें दावा किया जाता है कि अनीता वेलेंटाइन डे के लिए हीरे का हार चाहती है, जिससे विभूति को बहुत परेशानी होती है। दबाव को कम करने के लिए, तिवारी विभूति को आगामी वेलेंटाइन डे के बारे में अज्ञानता दिखाने की सलाह देते हैं।

जब अंगूरी तिवारी से उसे कुल्लू मनाली ले जाने का अनुरोध करती है, तो वह अपने व्यवसाय में वित्तीय घाटे का सामना करने के बारे में एक कहानी गढ़ता है, जिससे वह उसका अनुरोध पूरा नहीं कर पाता है। मार्गदर्शन की तलाश में, अंगूरी डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) से बात करती है, जो सुझाव देते हैं कि वह विंटेज टीवी पर आने वाले एक संत से मिलने जाएं।

संभावना से उत्साहित अंगूरी उत्सुकता से सहमत हो जाती है। संत के भेष में, विभूति अंगूरी को सलाह देती है कि वह अपने पड़ोसी से उसका वैलेंटाइन बनने के लिए कहे, और उसे आश्वासन दे कि इससे उसके पति की व्यावसायिक समस्याओं का समाधान हो जाएगा। सलाह के बाद, अंगूरी विभूति के पास जाती है और उससे डेट के लिए पूछती है। इस बीच, तिवारी गुमनाम रूप से अनीता को पत्र और उपहार भेजता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### पॉलिटेक्निक कॉलेज महासमुंद में अग्निवीर भर्ती के लिए हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** पॉलिटेक्निक कॉलेज महासमुंद में अग्निवीर भर्ती में मार्गदर्शन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला रोजगार अधिकारी ए. ओ. लारी एवं कालेज के प्राचार्य चन्द्रिका विश्वकर्मा द्वारा अग्निवीर सेना भर्ती 2024 के संबंध में जानकारी देते हुए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भर्ती के लिए पंजीयन करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए भर्ती में सफल होने के लिए तैयारियों के लिए मार्गदर्शन दिया। युवाओं को इस कार्यशाला में बताया गया कि भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु की भर्ती हेतु आवेदन प्रक्रिया ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ हो चुकी है और आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2024 है। वहीं भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ होना प्रस्तावित है।

### राजधानी में हुई झमाझम बारिश

**रायपुर।** सोमवार सुबह राजधानी का मौसम बदल गया और झमाझम बारिश हुई । वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश के कुछ स्थानों पर ओले बरस सकते है या हल्की वर्षा भी रूक रूर कर हो सकती है। इसके पहले दिन रविवार को सरगुजा में मौसम बदलाव देखने को मिला था। जहां मैनपाट में भारी वर्षा के साथ साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। जिससे सड़कें और पहाडियां बर्फ से ढक गई और यहां बर्फ की चादर बिछी हुई थी। ओलावृष्टि कुछ देर तक ही हुई, लेकिन इतनी तेज रफ्तार से ओले गिरे की जमीन में बर्फ की परत बिछ गई। ओलावृष्टि के कारण तापमान में भी तेजी से गिरावट आई है। सरगुजा की हवाओं में ठंडक महसूस की जा रही है। वहीं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में मौसम का मिजाज बदला रहा । शनिवार सुबह से ही इलाके में बारिश हो रही है और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। वहीं अमरकंटक में भी बारिश हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 2 दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। ओलों की बारिश पलारी में भी देखने को मिली। जहां मौसम ने अपनी करवट बदली और आंधी तूफान के साथ जमकर ओलो की बारिश हुई।

### ग्रीष्म मे जल प्रदाय की समीक्षा, पानी का अपव्यय रोकेः महापौर

**भिलाई।** आगामी ग्रीष्म ऋतु मे निगम क्षेत्र मे पेयजल की समस्या की स्थिति न बने इसकी तैयारी को लेकर महापौर नीरज पाल ने जल कार्य से जुडे अधिकारियों की बैठक लेकर बनाये गये रोडमेप पर विस्तृत चर्चा किये। निगम के विभिन्न वार्ड मे गरमी के दिनो मे पेयजल आपूर्ति के लिए किये जा रहे व्यवस्था की जानकारी देते हुए अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि ज्यादातर वार्ड के बस्तियों मे फिल्टर प्लांट से पानी की सप्लाई किया जा रहा है बाद उसके हैण्डपम्प ,पावर पम्प तथा ट्रेक्टर टेंकर से पानी सप्लाई का भी प्लान तैयार है। महापौर ने कहा कि निगम क्षेत्र के सभी पम्प चालू हालत मे रहे पाईप लाईन मे कही लिकेज है तो समय पर आवश्यक संधारण कार्य पूर्ण कर लिया जाए. पानी की अपव्यय को रोकने के लिए सार्वजनिक नलो मे टोटी हो तथा जनजागरूकता लाये जाए. बैठक मे कार्यपालन अभियंता अखिलेश चन्द्राकर, अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मजबूत छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए नशीली दवाइयों से मुक्ति जरूरीः उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**रायपुर।उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज कवर्धा के वीर सावरकर भवन में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत समाज, परिवार और मजबूत छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए नशीली दवाइयों की उपयोगिता पर हम सबको चिंता करने की आवश्यकता है। यह सुखद पहल है कि इस सामाजिक चिंता की शुरूआत आज कबीरधाम जिले से हो रही है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मेडिकल एसोसिशएन ने स्वयं नशीली दवाईयों की उपयोगिता तथा उनके सेवन और बिक्री पर चिंता जाहिर की है, यह सुखद शुरूआत है।**



उन्होंने कहा कि नशीली दवाईयों से नशा मुक्ति संग्राम में छत्तीसगढ़ सरकार मेडिकल एसोसिएशन को हर संभव मदद करेगी। उन्होने कहा कि नशा के खिलाफ समाज में जनजागरण लाने की आवश्यकता है। पूरे प्रदेश में एसोसिएशन ने इस मुक्ति संग्राम को विस्तार करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने संघ को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिन-जिन जिलों में इस अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित होगी, उससे संबंधित पुलिस अधीक्षक को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए। इसके के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। समारोह में मेडिकल संचालक द्वारा नशीली दवाइयों की उपयोग करने वाले लोगों का रिकार्ड भी रखने का निर्णय लिया है, यह बेहद ही प्रशंसनीय है। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की पहल पर आज छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा कबीरधाम जिले को नशा के रूप में मेडिकल दवाइयों की उपयोगिता से मुक्त जिला बनाने का प्रस्ताव पारित किया। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने यह भी कहा कि नशा मुक्ति का यह अभियान आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने इस सार्थक पहल की तारीफ की। इस अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री शर्मा का अभिनंदन किया। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के पहल और उनके सार्थक प्रयासों से कबीरधाम जिले की बहुप्रतिक्षित मांग रेलवे लाईन की विस्तार के लिए 300 करोड़ रूपए का छत्तीसगढ़ बजट में प्रावधान करने पर आभार व्यक्त किया है। संघ ने कहा कि आने वाले दिनों में कबीरधाम जिला एक पूर्ण विकसित जिले की अवधारणा को पूरा करेगा। कवर्धा के वीर सावरकर भवन में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा उपमुंख्यमंत्री विजय शर्मा के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता उमेश सिरोठिया, अविनाश अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, कैलाश चन्द्रवंशी, चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चन्द्रवंशी, आनंद मिश्रा, सीएमएचओ डॉ बीएल राज, अनिलदानी, अमित बरडिया, डेविड खत्री उपस्थित थे। कैशाल चन्द्रवंशी, छत्तीसगढ छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महासचिव अविनाश अग्रवाल ने संबोधित किया और अभियान को सार्थन बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

# ओपी चौधरी पहुंचे जांजगीर, अमर के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**जांजगीर।** वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद ओपी चौधरी पहली बार जांजगीर पहुंचे। मंत्री चौधरी जांजगीर के हाई स्कूल मैदान पर आयोजित हो रहे जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव के शुभारंभ में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान जांजगीर के नेताजी चौक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया के नेतृत्व में उनका आतिशबाजी और फूल मालाओं के साथ जमकर स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत मंत्री चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए लोक सभा चुनाव के लिए तैयार रहने की अपील की।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने प्रदेश के समावेशी बजट के लिए वित मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बजट सही मायनों में आमजन का बजट है जिसमें प्रदेश सुशासन के साथ इकोनॉमिक डेवलपमेंट, तकनीक आधारित रिफॉर्म के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। वहीं अमर सुल्तानिया ने कहा कि आपको जिले का प्रभारी मंत्री बनाए जाने से लोगों में गजब का उत्साह है।

लोग अपने संवेदनशील कलेक्टर को आज वित मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री के रूप में पाकर उत्साहित हैं। सभी के मन में जिले और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान की आस जगी है। अमर ने यह भी कहा कि बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी आशान्वित हैं कि आने वाले दिनों में जिले वासियों को वह अधिकार मिलेगा जिसके वे हकदार हैं साथ ही सभी रूके और उलझे विकास कार्य सुचारू गति से आगे बढ़ेंगे।



मंत्री ओपी चौधरी के स्वागत अवसर पर मनीष तिवारी, हितेश यादव, मुकेश भोपालपुरिया,जितेन्द्र खाण्डे, साकेत तिवारी, सुधीर झाझड़िया, वृन्दावन सिंह, आशीष गोयल, सुनील पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह, मणिकांत अग्रवाल, भुपेन्द्र साहू, संदीप पाण्डेय, रमेश सोनवानी, रमाकांत राजवाड़े, श्रीमती नंदनी राजवाड़े, श्रीमती ममता राठौर, प्रवीण अग्रवाल, हितेश साहू, डिगेश मनहर, अनुराग केशरवानी, प्रीतम दास, भोजराम साहू, पंकज सावड़िया, धनंजय तिवारी, मोटू राठौर, राजेन्द्र कश्यप, प्रमोद देवांगन, मनमोहन देवांगन, लखन कुम्भकार, घनश्याम राठौर, सनत जगत, मिथलेश पटेल, दयाशंकर पटेल, रामप्रसाद, कृष्णा बरेठ, देवेन्द्र यादव, गोपीलाल यादव, कमल राठौर, प्रांशु राठौर, अभय साहू, दिपक दिवाकर, दिनेश साहू, प्रेम साहू, समीर माथुर, इन्द्र कश्यप, योगेश राठौर, ईश्वर चन्द्रा, सागर राठौर, अनिल शुक्ला, उमाशंकर राठौर, शुभम यादव, आयुष राठौर, अभिषेक गोस्वामी, अमन राठौर, विशाल राठौर, बजरंग यादव, मनीष राठौर, सचिन राठौर, आकाश साहू, राज नेताम, ओमप्रकाश राठौर, दिनेश राठौर, जितेश यादव सहित कार्यकर्ता और स्थानीयजन बड़ी तादात में मौजूद रहे।

# डोंगरगांव अनुविभाग के सभी तहसीलों में आयोजित हुआ जनसमस्या निवारण शिविर

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** शासन के निर्देशानुसार जनसामान्य की राजस्व सहित अन्य कार्यों के निवारण के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में डोंगरगांव अनुविभाग के डोंगरगांव, छुरिया और कुमर्दा तहसील में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम अश्वन पुसाम की उपस्थिति में सांस्कृतिक भवन डोंगरगांव में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। डोंगरगांव तहसील अंतर्गत तहसील स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 169 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही मौके पर 20 किसानों को ऋण पुस्तिका वितरित की गई। शिविर में अविवादित नामांतरण, फौती, किसान किताब, खाता विभाजन तथा त्रुटि सुधार के आवेदन प्राप्त हुए। एसडीएम श्री पुसाम ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। एसडीएम श्री पुसाम ने बताया कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 17 फरवरी 2024 को आयोजित किया जाएगा।

इसी तरह छुरिया तहसील अंतर्गत तहसील स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर पंचायत छुरिया स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल में ही निराकरण किया गया। छुरिया तहसील अंतर्गत तहसील स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर राजस्व विभाग अंतर्गत विवादित नामांतरण, बंटवारा, अविवादित नामांतरण बंटवारा एवं सीमांकन तथा अन्य राजस्व संबंधी मामलो के कुल 121 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 48 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल में किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विभाग से संबंधित कुल 77 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

# समृद्ध गांवों से विकसित भारत का निर्माण होगा : बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**रायपुर। देश की खुशहाली का रास्ता गांव से होकर गुजरता है। अगर हमारे किसान, युवा, ग्रामीण, महिलाएं समृद्ध होगी तभी विकासशील से विकसित भारत का निर्माण होगा। यह बात वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को गांव चलो अभियान के दौरान कही।**



मंत्री अग्रवाल अभियान के तहत धरसीवां ब्लॉक के कांदुल गांव पहुंचे। अपने संबोधन में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ग्रामीणों, किसानों युवाओं और महिलाओं के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है । उन योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने और उनको मिल रहे लाभ की जानकारी लेने के लिए भाजपा सरकार गांव चलो अभियान चला रही है। यह सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है। और ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार ग्रामीण आवास योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, महतारी वंदन योजना, राम लला दर्शन, 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी के साथ ही गरीबों 5 साल के लिए मुफ्त अनाज योजना लाई है। इन सभी की जानकारी ग्रामीणों को होनी चाहिए। और उनको योजना का सीधा लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के लिए यह गांव चलो अभियान चलाया गया है। बृजमोहन अग्रवाल ने अभियान के दौरान हितग्राहियों को ग्रामीण आवास और उज्ज्वला आदि योजना के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए।

कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक नंदे साहू, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धुरंधर, रविन्द्र ठाकुर, पूर्व सरपंच किलेश्वरी धुरंदर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय बच्चों ने भगवान राम कथा का मंचन भी किया जिसने सभी का दिल जीत लिया।

बृजमोहन अग्रवाल इस दौरान ग्रामीण गणेश राम सिन्हा के घर भी गए जिन्हे ग्रामीण आवास की स्वीकृति के साथ ही उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन भी मिला है। इसके अलावा भी वो कई ग्रामीणों से उनके घर जाकर मिले, उनसे चर्चा की और उनके घर भोजन भी किया।

# भावना बोहरा ने पांडातराई-पंडरिया में जनसेवा ही भावना केंद्र का शुभारंभ किया

श्रीकंचपनपथ न्यूज

**कवर्धा ।** विधानसभा चुनाव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपने घोषणा पत्र भावना दीदी की गारंटी में क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए विधायक कार्यालय जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की शुरुआत करने की घोषणा की थी। जनता से अपने वादे को पूरा करते हुए भावना बोहरा ने पूर्व में कुकदुर क्षेत्र में केंद्र का शुभारंभ किया इसी कड़ी में रविवार को पंडरिया व पांडातराई में भी इस केंद्र का शुभारंभ किया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों की सेवा, सुविधा एवं आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु मैनें जो संकल्प किए हैं उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रतिबद्ध हूँ। इसी कड़ी में पंडरिया व पांडातराई में जनसेवा ही भावना,सेवा सुविधा केंद्र का उद्घाटन होने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। जन समस्याओं के त्वरित निवारण और आपके सुझाव तथा शासकीय कार्यों से संबंधित सभी समाधान इस केंद्र के माध्यम से किये जायेंगे। आमजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस केंद्र की शुरुआत की गई है, ताकि आपको अपनी समस्याओं, क्षेत्र के विकास से जुड़े विषय और किसी भी कार्य के लिए एक ही स्थान पर हर समाधान मिल सके यही हमारा लक्ष्य और प्रयास है। उन्होंने बताया कि अभी कुल 3 स्थानों कुकदुर, पंडरिया और पांडातराई में इस केंद्र की शुरुआत की जा चुकी है और जल्द ही अन्य 4 स्थानों में भी इस केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिससे पूरे विधानसभा के परिवारों को सुविधा होगी। जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता है। यह कार्यालय जनता और हमारे बीच सीधे संवाद करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यहां आकर क्षेत्रवासी किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान या प्रशासन से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन जमा करा सकेंगे।























# पुलिस विभाग में नौकरी के नाम पर युवक से ठगी, चार शातिरों ने दिया था झांसा, एक ने खुद को बताया पुलिस अफसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में जामुल थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक से पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम में लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। जामुल थाना क्षेत्र के गुरुघासीदास नगर समता चौक शिव मंदिर, वार्ड नंबर-23 निवासी रमेश चौहान के साथ आजाद मार्केट रिसाली निवासी शशिकांत दुबे व अवधेश यादव ने अपने दो साथियों गौरव वैष्णव व कथित सीएसपी विष्णु सोरेन ने ठगी की। पुलिस विभाग में पक्की नौकरी दिलाने के नाम पर अलग अलग किश्तों में 4,46,000 रुपए लेकर कबीरधाम जिले का फर्जी नियुक्त आदेश भी थमा दिया। युवक जब कबीरधाम एसपी अभिषेक पल्लव से मिला तब उसे पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है। इस मामले में युवक की शिकायत पर जामुल पुलिस ने चारों के खिलाफधारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।




पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में गुरुघासीदास नगर समता चौक शिव मंदिर, वार्ड नंबर-23 निवासी रमेश चौहान ने बताया कि वह बीईसी कंपनी में मजदूरी का काम करता है। उसने 2018 में पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता के साथ परीक्षा भी दी थी। इसके बाद वह पुलिस विभाग में नौकरी के प्रयास में लगा था। इस बीच एक परीचित प्रेमरत्न दीक्षित ने बताया कि आजद मार्केट रिसाली निवासी शशिकांत दुबे, अवधेश यादव व गौरव वैष्णव यह सब काम करते हैं। पुलिस के बड़े अफसरों से उसकी अच्छी पहचान है और वह नौकरी लगवा देगा। इसके बाद रमेश चौहान ने प्रेमरत्न दीक्षित के साथ शशिकांत दुबे से चर्चा की।

शशिकांत दुबे ने रमेश चौहान को आश्वस्थ किया कि तुम्हारी नौकरी पुलिस विभाग में लगवा देंगे। इसके बाद शशिकांत दुबे ने मैन्यूमेंट पार्क के पास सिविक सेंटर में रात 9 से 10 बजे के बीच रमेश व उसके पिता से बातचीत की। शशिकांत ने वहां अवधेश यादव व गौरव वैष्णव को बुलाया। दोनों ने विश्वास दिलाया और कहा कि इसके लिए 3 लाख रुपए देने पड़ेंगे। इन लोगों ने विश्वास दिलाया कि नौकरी नहीं लगने पर रुपए वापस हो जाएंगे। यह भी बताया कि अवधेश यादव भर्ती अधिकारी का खास आदमी है तुम्हारी नौकरी लग जाएगी। इनकी बातों में आकर रमेश ने भरोसा कर लिया। अवधेश यादव खुद को कांग्रेस का नेता व राजनीतिक पहुंच वाला व्यक्ति बता रहा था।

इसके बाद रमेश चौहान ने रुपयो का इंतजाम किया और 3 मार्च 2021 को उसने हाइवे कैंटीन के पास शशिकांत दुबे को बुलाया। रमेश अपने पिता व दोस्त प्रेमरत्न दीक्षित के साथ वहां पहुंचा। वहां पर अवधेश यादव, शशिकांत दुबे, गौरव वैष्णव पहले से मौजूद थे। इनके साथ एक अन्य व्यक्ति भी बैठा था जो जिसका विष्णु सोरेन है और अपने आप को पुलिस मुख्यालय रायपुर में सीएसपी बताया। विष्णु सोरेन के बारे में तीनों ने बताया कि यही अफसर हैं जो भर्तियां कराते हैं। चारो ने रमेश व उसके पिता से लगभग आधा घंटा बात की और तीन लाख रुपए लेकर तीन माह के अंदर नौकरी पक्की होने का भरोसा दिलाकर चले गए।

### तीन माह बाद भी नहीं आया कॉल

रुपए लेने के तीन माह बाद भी पुलिस विभाग में कोई भर्ती का कॉल नहीं आने पर रमेश चौहान ने शशिकांत दुबे एवं विष्णु सौरेन से बात की। तब विष्णु सोरेन ने कहा कि 50 हजार रुपए और लगेंगे। लिस्ट में कांट-छांट चल रही है उसमें तुम्हारा नाम है छटनी न होने पाए इसलिये मांग रहे हैं। विष्णु सोरन ने कहा कि पुलिस अधिकारी पर मान नहीं रहे है नहीं देने पर काम रूक जाने का डर दिखाया। इसके बाद रमेश चौहान ने 7 जुलाई 2021 को आनलाईन खाते में 40,000 रुपए, 8. जुलाई 2021 को 5000 रुपए तथा 6 फरवरी 2022 को 1000 रुपए आनलाईन दिया।

### अफसर के ट्रांसफर का बनाया बहाना

समय पर रुपए नहीं देने के कारण तीनों ने एक साल तक यह कहकर घुमाया गया। इसके बाद कहा गया कि जितने लड़के भर्ती किए सभी ने रुपए दिए थे इसलिए जांच शुरू हो गई है। इसके बाद शातिरों ने रमेश को यह कहा कि पहले वाले अधिकारी का ट्रांसफर हो गया है और अब नया अधिकारी आया है। वह ढाई लाख रुपए और मांग रहा है। रुपए देने से मना करने पर उसने कहा कि वह बात करेगा। इसके बाद रमेश चौहान को बताया गया कि एक लाख रुपए में मान गए हैं और इतने में काम हो जाएगा। पिता की एफडी तोड़कर 1 लाख रुपए की व्यवस्था की गई। 26 अगस्त 2022 को विष्णु सोरेन एवं गौरव वैष्णव घासीदास नगर में रमेश के घर पहुंचे और एक लाख रुपए ले गए।

### लगातार करते रहे टालमटोल, फिर दिया फर्जी नियुक्ति आदेश

एक लाख रुपए लेने के बाद गौरव वैष्णव व कथित सीएसपी विष्णु सोरेन ने कहा कि विभागीय जांच चल रही है इस बात का हल्ला नहीं करना है। इसके बाद लगातार दोनों टाल मटोल करते रहे। कभी वीआईपी ड्यूटी तो कभी बिजी होने का बहाना बनाकर टालते रहे। लगातार बात करने के बाद विष्णु सोरेन ने कहा कि तुम्हारा काम हो गया है। आधार कार्ड भेजने पर 4 सितंबर 2023 को रमेश चौहान के वाट्सएप पर विष्णु सोरेन ने कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला कबीरधाम (छ.ग.) का नियुक्ति पत्र भेजा, और कहा कि एक माह बाद पोस्ट के जरिए ज्वाइनिंग लेटर आने का भरोसा दिलाया।

### फिर की 25 हजार रुपए की मांग तो हुआ शक

नियुक्ति पत्र को जल्दी भेजने के नाम पर विष्णु सोरेन ने फिर एक बार 25 हजार रुपए की मांग की। लगातार रुपए मांगे जाने पर रमेश चौहान को शक हुआ और वह वाट्सऐप पर आए नियुक्ति आदेश को लेकर कबीरधाम एसपी अभिषेक पल्लव के पास पहुंचा। कबीरधाम पहुंचने पर उसे पता चला कि पुलिस विभाग से यह जारी नही किया गया है न ही हमारे विभाग के किसी अधिकारी ने बनाया है। इसके बाद रमेश को अपने साथ ठगी का अहसास हुआ। इस मामले में जामुल थाने पहुंचकर शशिकांत दुबे, अवधेश यादव, गौरव वैष्णव एवं विष्णु सोरेन (कथित सीएसपी पीएचक्यू रायपुर) के खिलाफ 4,46,000 रुपए की धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में जामुल पुलिस ने चारों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## खास खबर

### एएसआई के घर चोरों का धावा, सोने-चांदी के जेवर पार

**कोरबा।** जिले में चोरी की घटनाएं पुन: बढ़ने लगी है। चोरों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि पुलिस के घर को नहीं बख्श रहे हैं। कुसमुंडा थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक राकेश गुप्ता के घर से सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान पार कर दिए। सिविल लाइन थाना अंतर्गत सीएसईबी कालोनी में राकेश गुप्ता का घर है। बताया जा रहा है कि एएसआई गुप्ता शनिवार की रात ड्यूटी पर गए थे और उनका परिवार सामान खरीदने माल गया हुआ था। इस दौरान सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोर उनके निवास में घुसे और चोरी कर भाग गए। परिवार जब माल से वापस घर आया, तब उन्हें घर में चोरी की जानकारी मिली। उन्होंने घटना की सूचना राकेश गुप्ता को दी, तब वे घर पहुंचे और सिविल लाइन थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। घर से गहने, नगद और सामान समेत लाखों का सामान गायब थे। डाग स्क्वाड ने भी घटनास्थल की जांच की। फिलहाल संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ करने के साथ ही पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

## वॉशिंग पाउडर का प्रचार करने के बहाने आए युवक ने केमिकल डालकर गला दिए महिला के जेवर, 2 गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में सफाई के बहाने गहनों को गलाने वाले बिहार के गिरोह को पुलिस ने पकड़ा है। गिरोह के 2 सदस्य वॉशिंग पाउडर का प्रचार करने के बहाने महिला के घर पहुंचे थे। इसके बाद आरोपियों ने गहनों पर केमिकल डालकर उसे गला दिया। वजन कम होने पर महिला शोर मचाने लगी, तब बाइक सवार युवक भाग निकले। जिसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश कर उन्हें दबोच लिया। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है।



सकरी थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम कोड़ापुरी में रहने वाली बमलेश्वरी साहू (20) गृहिणी हैं। शनिवार की सुबह वे अपने बच्चे को लेकर मकान के सामने टहल रही थी। इसी दौरान दो युवक वॉशिंग पाउडर का प्रचार करने के बहाने उनके पास पहुंचे। युवकों ने महिला से बर्तन और जेवर की सफाई कराने के लिए कहा। इस पर महिला ने मना कर दिया। महिला के पैरों में चांदी की पायल देखकर दोनों युवकों ने उसे उतरवाया और सफाई करने लगे। जैसे ही युवकों ने जेवर अपने पास रख उसे केमिकल में डाला, तो जेवर गलने लगा। इसे देख महिला ने शोर मचाकर अपने पति और आसपास के लोगों को बुलाया, तब तक बाइक सवार युवक भाग निकले। महिला ने लोगों को बुलाकर जेवर का वजन कम होने की बात कही।

महिला ने अपने जेवर को तौल करवाकर देखा, तो 8 तोला चांदी कम निकला। महिला ने इसकी जानकारी थाने में की। महिला के बताए बाइक नंबर के आधार पर घेराबंदी कर बिहार भाग रहे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी बिहार के भागलपुर जिले के ग्राम ठठरी के रहने वाले हैं। आरोपियों के नाम रोमी कुमार शाह (28) और आकाश कुमार गुप्ता (27) हैं। तलाशी लेने पर उनके पास से गहने गलाने के केमिकल सहित अन्य सामान बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### गिरोह से सावधान रहने पुलिस ने की अपील

थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि जिले में पहले भी धोखाधड़ी के ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। जालसाज गिरोह अकेली महिलाओं को झांसे में लेकर निशाना बनाते हैं। ऐसे लोग गांव में काम के समय को चुनते हैं। इस दौरान ज्यादातर महिलाएं घर पर अकेली रहती हैं। घर के पुरुष सदस्य काम पर बाहर गए रहते हैं, ऐसे लोगों से सावधान रहें। पुलिस ने लोगों से जेवर और अन्य महंगे सामान की सफाई और अन्य रिपेयरिंग जान-पहचान वालों से ही कराएं। बाहरी लोगों के आने पर तत्काल आसपास के लोगों और पुलिस को सूचना दें। इससे जालसाज गिरोह अपने मंसूबे में सफल नहीं होंगे।

## कोंडागांव में प्रेमी ने की प्रेमिका की हत्या, भाई को फोन कर कहा- अपनी बहन की लाश ले जाओ



**केशकाल (ए)।** कोंडागांव जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र में प्रेमिका की हत्या कर आरोपित ने बड़े भाई को फोन कर कहा ले जाओ अपनी बहन का शव, मैंने हत्या कर जंगल फेंक दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही भाई ने मौके पर जाकर देखा तो शव मिला। इसकी जानकारी उन्होंने विश्रामपुर थाना पहुंचकर 10 फरवरी को दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार जेल भेज दिया।

पुलिस के जानकारी अनुसार 10 फरवरी को मृतक का बड़ा भाई माहरू राम शोरी पिता रताल शोरी (32) निवासी टेवशा बंधापारा थाना विश्रामपुरी में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि नौ फरवरी को दोपहर दो बजे मेरी छोटी बहन गाय, बैल चराने गई थी, जो देर रात तक घर में नहीं आई तो आसपास पता तलाश किए, कहीं पता नहीं चला। इसके बाद दूसरे दिन 10 फरवरी की सुबह चार बजे ग्राम गारावंडी के अजय नेताम ने फोन कर बताया कि मैं आपकी छोटी बहन का गला दबाकर हत्या कर अपने ग्राम गारावंडी के मक्का टिकरा के आम झाड़ नीचे शव को फेंक दिया हूं, आकर ले जाना। इसकी रिपोर्ट पर थाना केशकाल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह घनेश्री के पर्यवेक्षण में आरोपित की पतासाजी के लिए तत्काल टीम गठित किया गया। आरोपित अजय नेताम पिता राजूराम नेताम (22) निवासी गारावण्डी थाना केशकाल जिला कोंडागांव का पता तलाश प्रारंभ किया गया। आरोपित अजय नेताम 11 फरवरी को फरार होने की मंशा से फारेस्ट नाका के पास बस का इंतजार कर रहा है। इसकी सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद तत्काल पुलिस टीम फारेस्ट नाका पहुंचकर आरोपित को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। इस दौरान पूछताछ करने पर आरोपित ने बताया कि मृतका से उसका दो वर्ष से प्रेम संबंध चल रहा था। मृतका का वर्तमान में अन्य लड़के के साथ प्रेम संबंध होने के कारण बदले की भावना से मृतिका को कुम्हारपारा गारायंडी के जंगल में ले जाकर गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। आरोपित के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## 30 लोगों से भरी पिकअप पलटी, 3 लोग जख्मी बलौदाबाजार में हाइवा से बचने के चक्कर में हादसा

**बलोदा बाजार (ए)।** बलौदाबाजार जिले के सेमराडीह निवासी साध राम ध्रुव का परिवार अपनी मन्नत पूरी होने पर सुबह पिकअप से 30 लोगों के साथ तुरतुरिया गया था, जो देर रात 9 बजे वापस घर लौटते समय बलोदी रोहांसी मोड पर हादसे का शिकार हो गए। हादसे में 3 लोग घायल हुए हैं। पूरा मामला पलारी थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक हाईवा से बचने के चक्कर में पिकअप चालक अपना नियंत्रण खो बैठा। गाड़ी सड़क से नीचे खाई में जाकर पलट गई, जिससे तीन महिलाओं को चोटें आई। सबसे ज्यादा गंभीर हालत उतरा ध्रुव पति दुकालू 55, हीरा ध्रुव पति परदेशी 40 की है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बलौदाबाजार रेफर कर दिया है। वहीं एक अन्य घायल सुशीला घ्रुव 30 साल पति ईश्वर ग्राम चण्डी को भी चोट आई है, जिसका उपचार प्राथमिक स्वस्थ केंद्र पलारी में किया जा रहा है। वहीं पिकअप वाहन में सवार अन्य 27 लोगों को चोटें नहीं आई है।



बता दें कि कि अर्जुनी में चौथिया बरात में आए पिकअप सवार खिलोरा गांव के 13 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 2 व्यक्ति दूसरे गांव के थे। वहीं पलारी के गोड़ा पुलिया के पास स्मधियानों से लौट रहे परिवार के 7 लोगों की पिकअप पलटने से मौत हुई थी।

वहीं भिलाई से गिरौधपुरी दर्शन लोगों की पिकअप कुकदा में पलटने से महिला की मौत हुई थी, लेकिन लगातार पिकअप लोगों को भरकर सड़क पर दौड़ रही है। पुलिस प्रशासन इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है।

## रेलवे गोदाम में खड़ी मालगाड़ी से चावल की बोरियां चोरी, आरपीएफ ने 4 को दबोचा

**रायपुर (ए)।** रायपुर जिले के तिल्दा-नेवरा रेलवे माल गोदाम में खड़ी मालगाड़ी से चावल की बोरियां चोरी होने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी हुई बोरियों को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।




जानकारी के मुताबिक, 10 फरवरी को तिल्दा-नेवरा रेलवे माल गोदाम में खड़ी मालगाड़ी से चोरी होने वाले चावल के खंडे की 13 बोरियों को झाड़ियों से बरामद किया गया। आरपीएफने धारा 3 (ए) आरपीयूपी एक्ट के तहत 10 फरवरी को मामला दर्ज किया।

### चारों आरोपी तिल्दा के रहने वाले

11 फरवरी को आरपीएफ तिल्दा प्रभारी उपनिरीक्षक डीके शास्त्री ने अपनी टीम के साथ रात 4 आरोपियों को चावल की बोरी चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया। उनके पास से 12 बोरियों को बरामद कर जब्त किया गया। मामले में कुल 25 बोरियों को जब्त करने की कार्रवाई आरपीएफ तिल्दा ने की है। चारों आरोपी तिल्दा के स्थानीय निवासी हैं।

मामले में राहुल सेन (27) निवासी वार्ड नंबर 3 सूर्य बार के पीछे तिल्दा, गिरवर पल (33), बसंत कुर्रे (40), संतोष जांगड़े (39) निवासी वार्ड 4 सूर्य बार के पीछे तिल्दा नेवरा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### पारदर्शिता से काम करते हुए ऐतिहासिक मतों से जीतेंगे दुर्ग लोकसभा - राजेश मूणत

**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव होने में कुछ दिनों का ही समय शेष है, ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और जनाधार को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से अपने बड़े नेताओ को मैदान में उतारने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। प्रत्येक लोकसभा के समीकरण के हिसाब से कार्ययोजना बनाई जा रही है, इसके लिए पार्टी ने 3 या 4 लोकसभा जोड़कर एक क्लस्टर बनाया है, वरिष्ठ नेताओ को क्लस्टर की जिम्मेदारी देकर पार्टी चुनाव प्रबंधन का क्रियान्वयन कर रही है। इसी कड़ी में रायपुर क्लस्टर अंतर्गत आने वाले दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की लोकसभा कोर कमेटी और लोकसभा प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक चुनाव कार्यालय में क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत ने ली। क्लस्टर प्रभारी विधायक राजेश मूणत ने आगामी 29 तारीख लोकसभा क्षेत्र की सभी 9 विधानसभाओं में कार्यालय का उदघाटन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा को जो भी निर्देश और कार्ययोजनाएं मिलेंगी, उसका पालन प्रदेश भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अक्षरश: करना है, पार्टी के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ता तक सबको एकजुट होकर पार्टी की सबसे सूक्ष्म इकाई बूथ समिति तक ऐसा समन्वय स्थापित करना है कि व्यापक संवाद और पारदर्शिता बनी रहे। राजेश मूणत ने बताया कि क्लस्टर प्रभारियों का मुख्य कार्य संवाद स्थापित करना और पारदर्शिता से कार्य संपन्न कराना है, हमें जितनी भी जिम्मेदारियां शीर्ष नेतृत्व से प्राप्त होंगी उन्हे बूथ तक पहुंचाना और उन पर क्रियान्वयन करवाने की नीति पर गंभीरता से चलना है, आगामी नव-मतदाता सम्मेलन, शक्ति वंदन कार्यक्रम, गांव चलो अभियान के साथ साथ मीडिया और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करते हुए नए लोगों को अधिक से अधिक पार्टी प्रवेश का अभियान चलाना है। महिला समूहों और एनजीओ के बीच एक अलग अभियान चलाना है , गांव चलो घर घर चलो अभियान का शुभारंभ हो चुका है। उन्होंने आगे कहा जिस प्रकार कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत के फ्लस्वरूप भाजपा ने मात्र 5 वर्षों में ही जबरदस्त वापसी की है उसी तरह छत्तीसगढ़ की ग्यारह की ग्यारह लोकसभा सीटें नरेंद्र मोदी को उपहार में देनी है। लोकसभा की जीत का समर्पण मांगता हूं और मुझे विश्वास है कि दुर्ग में कार्यकर्ता ऐतिहासिक जीत दर्ज करवाएंगे।

### छत्तीसगढ़ी फिल्म मां कर्मा 5 अप्रैल को होगी रिलीज

**दुर्ग।** पॉपकॉर्न फिल्म प्रोडक्शन फिल्म निर्माता डी एन साहू यूके साहू हिंदी धार्मिक फिल्म दिशा निर्देश प्रशांत कुमार क्षीरसागर को प्रांतीय स्टार प्रचारक सम्मान जन क पद पर नंदू गुप्ता पूर्वांचल प्रभारी उत्तर प्रदेश के अनुशंसा पर मनोनीत करती है हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं हिंदी फिल्म मेरी मां कर्मा 5 अप्रैल को रिलीज होने वाली है प्रशांत कुमार क्षीरसागर प्रांतीय स्टार प्रचारक बनाए जाने पर दत्ता चौधरी ब्रह्मानंद राव गजानंद बंछोर पंकज शर्मा के रूद्र मूर्ति राहुल गुप्ता ज्योति बाघ रामलाल साहू लोकनाथ साहू टिंकू सहारे एम गोपाल राव विजय शर्मा दीपक कॉम डे बधाई शुभकामना दी।

# केन्द्रीय नेतृत्व ने मुझे छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाकर पूरे आदिवासी समाज का मान बढ़ाया हैः सीएम साय

## मुख्यमंत्री ने बिरसा मुण्डा की प्रतिमा लगाने 25 लाख और गोंड़वाना भवन में अतिरिक्त कक्ष के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि केन्द्रीय गोंड़ महासभा के कार्यक्रम में आप सबके बीच आकर बेहद गर्व की अनुभूति हो रही है। केन्द्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए मुझे मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपकर आदिवासी समाज का मान बढ़ाया है। मैं आदिवासी हूं और आपका अपना भाई और सहयोगी हूं। आप सबके सहयोग से छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए जी-जान से समर्पित रहूंगा।




मुख्यमंत्री साय जिला मुख्यालय दुर्ग के सिविल लाइन स्थित कचना धुरवा देवालय परिसर में केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ द्वारा आयोजित सम्मान तथा अमर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कहीं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर केन्द्रीय गोंड़वाना महासभा की मांग पर आदिवासी लोक नायक बिरसा मुण्डा की प्रतिमा लगाने के लिए तत्काल 25 लाख रूपए तथा दुर्ग स्थित गोंड़वाना भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 50 लाख रूपए की स्वीकृति देने की सहर्ष घोषणा की, जिसका उपस्थित जनसमुदाय ने जोरदार करतल ध्वनि के साथ अपनी प्रसन्नता जाहिर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गारंटियों को तेजी से पूरा करने में जुटी है। मोदी जी की गारंटियों में शामिल राज्य के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति देने के साथ ही किसानों को दो साल के बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान उनके खातों में कर दिया गया है। महतारी वंदन योजना की शुरूआत भी हमारी सरकार ने आगामी एक मार्च से करने जा रही है। अभी महिला बहनों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत पात्र महिला बहनों को प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। छत्तीसगढ़ वह राज्य है जहां प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय व्यतीत किए और अपने सेना बनाएं। वनवासी जनजाति के लोग ही भगवान श्रीराम के कुल थे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भगवान श्रीराम का इस अंचल के लोगों से स्नेह और माता शबरी की प्रभु श्रीराम के प्रति निष्छल प्रेम और आत्मीयता ही छत्तीसगढ़ की अमूल्य थाती है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए हमारी सरकार ने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की है। अयोध्या धाम में 500 वर्षों के बाद रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। रामलला के दर्शन के लिए हमारी सरकार लोगों को सरकारी खर्चे पर ले जा रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से किए जाने का वायदा किया था। हमने 21 क्विंटल धान खरीदी का वायदा पूरा कर दिया है। धान के मूल्य के अंतर की राशि हम एकमुश्त किसान भाईयों को देंगे, इसके लिए हमने बजट में 10 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान भी किया है। प्रधानमंत्री जी की गारंटी को पूरा करते हुए हमारी सरकार द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहकों को अब प्रति मानक बोरा 5500 रूपए पारिश्रमिक दिए जाने का आदेश भी जारी कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक आदिवासी जननायक बिरसा मुण्डा की प्रतिमा की स्थापना की पहल के लिए गोंड़वाना महासभा को बधाई और शुभकामनाएं दीं। आदिवासी जननायक बिरसा मुण्डा का जन्म झारखंड के बांगा गांव में हुआ था। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की तानाशाही और उत्पीड़न से लोगों को मुक्त कराने के लिए संघर्ष किया और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन, उनके प्रेरणादायी विचार और क्रांतिकारी कार्य आज भी हमारे लिए मार्गदर्शन का कार्य कर रहे हैं।

समारोह में केन्द्रीय गोंड़ महासभा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को गौर सिंग मणित मुकुट पहनाकर और धनुष-बाण भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर आदिवासी गोंड़ समाज द्वारा मुख्यमंत्री को मोतीचूर के लड्डुओं से भी तौला गया। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल एवं विधायक डोमन लाल कोरसेवाड़ा, गजेंद्र यादव एवं ललित चंद्राकर तथा केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधगढ़ के अध्यक्ष एम.डी. ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी और समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# भिलाई में प्रथम अरविंद महिला पाठचक्र सम्मेलन का राज्य स्तरीय आयोजन संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** श्री अरविंद योग साधना केंद्र भिलाई में 10 फरवरी 2024 को प्रदेश स्तरीय प्रथम अरविंद महिला पाठ चक्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस महती कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में स्थापित श्री अरविंद केंद्रों के महिला सदस्यों ने शिरकत की।

इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्य रूप से महिलाओं के सर्वांगीण विकास व उत्थान के लिए विविध विषयों पर समग्र परिचर्चा रखी गई। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य यह है कि महिला जिस प्रकार अपने घर परिवार को संवारती हैं उसी प्रकार वह समाज के विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका व दायित्व का निर्वहन करें। यह राज्य स्तरीय परिचर्चा महिलाओं को इसी विकास में भागीदारी प्रदान करने हेतु आंतरिक रूप से सक्षम बनाने का समेकित प्रयास है।




इस राज्य स्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉक्टर अशोक कुमार पंडा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उड़ीसा से पधारी वरिष्ठ साधक दीदी डॉक्टर विजयानी विशेष रूप से उपस्थित थीं। इसके अतिरिक्त दीदी मेरी, गीता, बेला एवं जोशना भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रही। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉक्टर ए के पंडा ने सम्मेलन के सफ्ल आयोजन की शुभकामना प्रेषित करते हुए इसमें भाग लेने वाले प्रदेश भर से आए बहनों को बधाई दी।

सम्मेलन के प्रथम सत्र में दीदी श्रीमती संचयीता एवं विश्वजीत सरकार व अन्य सहयोगियों ने सुमधुर भक्ति संगीत प्रस्तुत किया। साथ ही प्रतिभागी महिलाओं को उच्चतर चेतन की ओर ले जाने के विभिन्न उपायों को बड़े ही सरल भाव से संप्रेषित किया। साधकों ने उच्च स्तरीय चेतना जागने के विभिन्न क्रियाओं से प्रतिभागियों को रूबरू कराया।

सम्मेलन के द्वितीय सत्र में संपूर्ण राज्य से आए वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। द्वितीय सत्र में मुख्य रूप से उपस्थित श्रीमती सुजाता जेराम अय्यर ने श्री अरविंद के योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विदित हो कि श्रीमती अय्यर ने पांडिचेरी स्थित श्री अरविंद आश्रम में अपने जीवन के कई वर्ष समर्पित किये हैं। इसी क्रम में डॉक्टर इंद्राणी घोष ने महिलाओं के उत्थान में श्री मां व श्री अरविंद के योग कैसे सहायक सिद्ध होंगे इसे बड़े ही सरल भाषा मे लोगों को समझाया।

# किसी ने सिलेण्डर लिया तो कोई आवास के लिए भरा आवेदन विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचे 8 हजार हितग्राही

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। पॉश कॉलोनी समेत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में लगे शिविर में महिला हितग्राहियों की संख्या अधीक थी। आमतौर पर महतारी योजना के तहत एक हजार , आवास और राशन कार्ड व सिलेण्डर के लिए आवेदन जमा करने वालों की संख्या अधिक रही। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 8 हजार से अधिक लोग पहुंचे और योजना का लाभ लेने जानकारी ली। आवेदन भी प्रस्तुत किया।



विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के द्वितीय चरण में नगर पालिक निगम रिसाली के रूआबांधा और हिंद नगर तालाब के सामने शिविर लगाया गया। शिविर स्थल पर वार्ड पार्षद और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पहले केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला और भारत को विकसित बनाने संकल्प भी दिलाया।

इस अवसर पर शिविर स्थल पर पहुंचे हितग्राहियों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर पार्षद टिकम साहू, सारिका साहू, ममता यादव, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, दशरथ साहू व निगम के अधिकारी मौजूद थे।

### बेहतर कार्य करने वालों का सम्मान

केन्द्र सरकार की योजनाओं का बेहतर प्रचार प्रसार करने और क्रियान्वयन करने वाली सीआरपी योजना के तहत बेहतर कार्य करने वाली महिला स्व सहायता समूह की सद्स्यों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले समूह में ख्याती स्व सहायता समूह, तेजल स्व सहायता समूह, कुमकुम स्व सहायता समूह, श्री स्व सहायता समूह, शिव शक्ति समूह, एएलएफएकता क्षेत्रीय स्तरीय संघ, राष्ट्रीय क्षेत्रीय स्तरीय संघ, सीआरपी ललिता सिंह, बसंती साहू, रेवती तांडी, अर्पणा देशमुख, हेमीन डौंडे, रंभा पटेल, पूनम बाघ, चंद्रकांती, हेमतला सिंह, पिंकी सिंह, प्रीति साहू, निका पांडे, मिथलेश खरे, इन्द्रकला गायकवाड़ शामिल है।

### उज्जवला के तहत मिला सिलेण्डर

शिविर में उज्जवला योजना के तहत स्वाती साहू, समिष्ठा प्रधान, इन्द्रानी बाई, आरती, सुमनराज, पुष्पराज, प्रमिला देशमुख, नेहा, संगीता व सुमित्रा यादव को सिलेण्डर प्रदान किया गया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के स्वप्न को साकार कर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी- जितेन्द्र वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण करते हुए दुर्ग बस स्टैंड के सामने हाउसिंग बोर्ड परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में भी मनाया और नमो ऐप के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में 5 रूपये से लेकर 2000 रुपए तक की समर्पण राशि जमा की।

दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानवदर्शन नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। श्री वर्मा ने आगे कहा कि उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व-दृष्टि प्रदान करना था। उन्हें जनसंघ की आर्थिक नीति का रचनाकार माना जाता है। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है।

# 40 दिवसीय महाशिव रात्रि महोत्सव शिव मेरा पिता मेरे लिए है आया कार्यक्रम का ब्रह्माकुमारी दीदियों ने किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बेहद सृष्टि रुपी जीवन के खेल में परमात्मा सर्वोच्च कोच है जो सदा साथ भी है और सहयोग भी देता है। परमात्मा दूर देश परमधाम से पराए देश में ब्रह्मा का तन रुपी रथ का आधार लेकर अवतरित होते है। यह बाते सेक्टर 7 स्थित अंतरदिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी ने महाशिव रात्रि महोत्सव (शिव जयंती)शिव मेरा पिता मेरे लिए है आया आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कही। सर्वप्रथम 40 दिन (21 मार्च) तक चलने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ सर्व भिलाई सेवा केंद्रों की वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी दीदियों ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया। आशा दीदी जी ने शिव मेरा पिता मेरे लिए है आया के बारे में बताया की महाशिवरात्रि पर्व परमात्मा शिव का अवतरण दिवस है। जो सच्चे दिल से निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं उनका पुण्य का खाता जमा होता है। संतुष्ट रह संतुष्ट करने से जीवन परमात्मा दुआओं से संपन्न होता है। आपने बताया की हनुमान जी के हृदय में प्रभु श्री राम सीता का निवास था। ऐसा शुद्ध हृदय हो हमारा जिसमें स्वयं परमात्मा निवास करें । सागर में समाने की शक्ति है जो पूरे दुनिया के कचरे को अपने में समाकर हीरे मोती रत्न देता है। ज्ञान,गुण शक्तियों के सागर परमात्मा के बच्चे हैं हम, परमात्मा से राजयोग द्वारा शक्तियों को लेकर सारी दुनिया को देवता बनकर सभी शक्तियों का दान करना है। जो सोचा वह होना ही है। आपने स्टॉप स्टैचू खेल द्वारा मन, बुद्धि को व्यर्थ से स्टॉप लगाने का ड्रिल अभ्यास भी कराया। सभी ब्रह्मा वत्सो ने प्रात: राजयोग सत्र के पश्चात प्रभातफेरी निकाल कर संपूर्ण मौन में राजयोग की शक्तियों को ग्लोब चौक होते हुए सेक्टर 7 तालाब में शांति के प्रकंपन प्रवाहित किये ।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950